दृष्टि The Vision

# डेली क्विज़

(संग्रह)



## अप्रैल
## भाग-2
## 2025


C-171/2, Block-A, Sector-15, Noida

641, Mukherjee Nagar, Opp. Signature View Apartment, New Delhi

21, Pusa Road, Karol Bagh New Delhi

Tashkent Marg, Civil Lines, Prayagraj, Uttar Pradesh

Tonk Road, Vasundhra Colony, Jaipur, Rajasthan

Burlington Arcade Mall, Burlington Chauraha, Vidhan Sabha Marg, Lucknow

12, Main AB Road, Bhawar Kuan, Indore, Madhya Pradesh

E-mail : care@groupdrishti.in

Phone: +91-87501-87501

# प्रश्न

## भारतीय कला एवं संस्कृति

**1. बनारसी शहनाई के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका संबंध भारतीय शास्त्रीय संगीत के बनारस घराने से हैं।
2. उस्ताद बिस्मिल्लाह खान ने भारत के प्रथम स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले पर अपने प्रदर्शन से इसे लोकप्रिय बनाया।
3. बनारसी शहनाई को भौगोलिक संकेत (GI) टैग दिया गया है।

**निम्न में से कौन-सा कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2, और 3

**2. शेवाकी स्तूप के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह काबुल में स्थित पहली से तीसरी शताब्दी ई. का एक प्रमुख बौद्ध युग का स्मारक है।
2. इसमें कुषाण और हेलेनिस्टिक वास्तुशिल्प प्रभावों का मिश्रण परिलक्षित होता है और इसका निर्माण फील्डस्टोन, मिट्टी और प्लास्टर का उपयोग करके किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**3. ताजमहल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे वर्ष 1983 में यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया था, तथा मानव रचनात्मक प्रतिभा की उत्कृष्ट कृति के रूप में इसके असाधारण मूल्य को मान्यता दी गई थी।
2. इसका प्रबंधन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) द्वारा किया जाता है और यह प्राचीन स्मारक तथा पुरातत्व स्थल एवं अवशेष अधिनियम, 1958 के तहत संरक्षित है।

**उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

## राजव्यवस्था एवं शासन

**4. अनुसूचित जाति (SC) के उप-वर्गीकरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 14 उप-वर्गीकरण की अनुमति देता है, यदि समूहों को अलग करने के लिये स्पष्ट, तर्कसंगत आधार हो।
2. ई.वी. चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश राज्य मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि राज्य पिछड़ेपन के आधार पर आरक्षण के अंतर्गत अनुसूचित जातियों को उप-वर्गीकृत कर सकते हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. समिति का गठन केंद्र-राज्य संबंधों पर जांच करने और सुधारों की सिफारिश करने के लिये किया गया था।
2. समिति ने कहा कि भारतीय संविधान, यद्यपि स्वरूप में संघीय है, परंतु यह एकात्मक तरीके से कार्य करता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

3. समिति ने सिफारिश की कि अनुच्छेद 356 को समाप्त कर दिया जाना चाहिये।

**उपर्युक्त सिफारिशें किस समिति ने कीं?**

A. राजमन्नार समिति (वर्ष 1969)
B. प्रशासनिक सुधार आयोग (वर्ष 1969)
C. सरकारिया आयोग (वर्ष 1983)
D. पुंछी आयोग (वर्ष 2007)

**6. भारत के महापंजीयक के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गृह मंत्रालय के अंतर्गत स्थापित RGI, दशकीय जनगणना और भारतीय भाषाई सर्वेक्षण की देखरेख के लिये ज़िम्मेदार है।
2. यह सभी सामान्य निवासियों के जनसांख्यिकीय विवरण दर्ज करने के लिये राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (NPR) का रखरखाव करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**7. भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान के अनुच्छेद 124(2) के अनुसार राष्ट्रपति को सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश को भारत का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करना अनिवार्य है।
2. मुख्य न्यायाधीश को केवल संसद के दोनों सदनों में विशेष बहुमत से प्रस्ताव पारित करके राष्ट्रपति द्वारा पद से हटाया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**8. निम्नलिखित में से किस ऐतिहासिक मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की धारा 377 को रद्द करके समलैंगिकता को अपराध मुक्त कर दिया?**

1. सुरेश कुमार कौशल बनाम नाज़ फाउंडेशन
2. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण बनाम भारत संघ
3. पुट्टस्वामी मामला
4. नवतेज सिंह जौहर बनाम भारत संघ

**9. इंडिया जस्टिस रिपोर्ट (IJR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक आवधिक राष्ट्रीय रिपोर्ट है जो राज्यों को न्याय प्रदान करने की उनकी क्षमता के आधार पर रैंकिंग प्रदान करती है।
2. यह पाँच स्तंभों अर्थात् पुलिस, जेल, न्यायपालिका, कानूनी सहायता और राज्य मानवाधिकार आयोग (SHRC) के आधार पर राज्यों का मूल्यांकन करता है।
3. रिपोर्ट में राज्यों को एक करोड़ की जनसंख्या सीमा के आधार पर बड़े/मध्यम आकार और छोटे राज्यों में वर्गीकृत किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**10. लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिये प्रधानमंत्री पुरस्कार (PMAEPA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पुरस्कार प्रतिवर्ष 21 अप्रैल को मनाए जाने वाले सिविल सेवा दिवस पर प्रदान किया जाता है।
2. सभी सरकारी अधिकारी और संगठन इस पुरस्कार के लिये पात्र हैं।
3. पुरस्कार विजेताओं के अंतिम चयन को कैबिनेट सचिव और प्रधानमंत्री द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

**11. जल जीवन मिशन (JJM) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में ग्रामीण परिवारों को कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिये राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, 2009 को JJM में सम्मिलित किया गया।
2. JJM के अंतर्गत वर्ष 2024 तक सभी 16 करोड़ ग्रामीण घरों में नल जल कवरेज का 100% लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल कर लिया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**12. निम्नलिखित राज्यों पर विचार कीजिये:**

1. पंजाब
2. उत्तर प्रदेश
3. बिहार
4. उत्तराखंड

**उपर्युक्त में से कितने मार्ग ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना से होकर गुजरते हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**13. राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (NCLAT) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यद्यपि कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत गठित, NCLAT दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (IBC), 2016 के तहत मामलों के लिये अपील अधिकरण के रूप में भी कार्य करता है।
2. यह राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (NCLT) और भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI) द्वारा पारित आदेशों के विरुद्ध अपीलों की सुनवाई करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**14. भारत में पंचायती राज संस्थाओं (PRI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 73 वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 ने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और महिलाओं के लिये सीटों के आरक्षण का प्रावधान किया।
2. ज़िला योजना समिति किसी ज़िले में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिये विकास योजना का मसौदा तैयार करने के लिये ज़िम्मेदार होती है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**15. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में "स्पेगेटी बाउल घटना" शब्द का तात्पर्य है:**

A. विभिन्न स्रोतों से कृषि आयात पर देशों की अत्यधिक निर्भरता
B. अतिव्यापी और अंतर्विभाजक क्षेत्रीय और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों का एक जटिल नेटवर्क
C. वैश्विक व्यापार का कुछ ही विकसित देशों में केंद्रित होना
D. विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में सब्सिडी वाले कृषि उत्पादों की डंपिंग

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पश्चिमी घाट के कुल क्षेत्रफल का केवल 37% भाग ही पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र (ESA) के रूप में नामित किया जाना चाहिये।
2. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP), 2020 में बहु-विषयक शिक्षा, कौशल विकास और लचीले पाठ्यक्रम पर ज़ोर दिया जाना चाहिये।

**निम्नलिखित में से किस समिति ने उपर्युक्त सिफारिशें कीं?**

A. गाडगिल समिति (वर्ष 2011)
B. केलकर समिति (वर्ष 2015)
C. कस्तूरीरंगन समिति (वर्ष 2013 और वर्ष 2019)
D. TSR सुब्रमण्यम समिति (वर्ष 2016)

**17. लोकसभा में उपाध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जब अध्यक्ष का पद रिक्त हो तो उपाध्यक्ष अध्यक्ष के कर्त्तव्यों का निर्वहन करता है।
2. उनका चुनाव सदन के सभी सदस्यों के पूर्ण बहुमत से होता है।
3. लोकसभा का उपाध्यक्ष राष्ट्रपति की इच्छा पर ही पद धारण करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** सरकार ने IndiaAI मिशन के तहत देश का पहला घरेलू AI लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) विकसित करने के लिये बंगलुरु स्थित स्टार्ट-अप सर्वम का चयन किया है।

**कथन-II:** वर्ष 2024 में स्वीकृत IndiaAI मिशन का उद्देश्य भारत के AI ईकोसिस्टम में उत्तरदायित्वपूर्ण और समावेशी विकास को बढ़ावा देना है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय मध्यस्थता परिषद (ACI) एक वैधानिक निकाय है, जिसका गठन मध्यस्थता और सुलह (संशोधन) अधिनियम, 2019 के तहत किया गया है।
2. डॉ. टी.के. विश्वनाथन समिति (वर्ष 2024) ने संस्थागत मध्यस्थता और न्यायालयी हस्तक्षेप को कम करने की सिफारिश की।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

## भारतीय अर्थव्यवस्था

**20. 'वैश्विक व्यापार परिदृश्य और सांख्यिकी' रिपोर्ट किसके द्वारा प्रकाशित की जाती है?**

A. विश्व आर्थिक मंच
B. संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास
C. विश्व बैंक
D. विश्व व्यापार संगठन

**21. भारत में इथेनॉल सम्मिश्रण के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम (EBP) को पेट्रोल में 5% इथेनॉल मिश्रण के प्रारंभिक लक्ष्य के साथ शुरू किया गया था।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

2. जैव ईंधन पर राष्ट्रीय नीति, 2018 में प्रारंभ में 2030 तक 20% इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन वर्ष 2022 में संशोधन करके इसे 2025-26 तक बढ़ा दिया गया।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**22. भारत के विदेशी मुद्रा भंडार के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये भुगतान संतुलन (BoP) का एक महत्त्वपूर्ण घटक है तथा RBI अधिनियम, 1934 के तहत RBI द्वारा भारत के विदेशी मुद्रा भंडार का प्रबंधन किया जाता है।
2. विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों (FCA) की भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे अधिक हिस्सेदारी है जबकि स्वर्ण भंडार की इसमें दूसरी सबसे अधिक हिस्सेदारी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**23. भारत के चमड़ा उद्योग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत, चीन के बाद वैश्विक स्तर पर चमड़े के जूतों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता है।
2. चमड़ा निर्यात परिषद (CLE) चमड़ा उद्योग में क्रोमियम प्रदूषण जैसे पर्यावरण प्रदूषण की निगरानी में भी भूमिका निभाती है।
3. वस्तु एवं सेवा कर (GST) व्यवस्था ने चमड़ा उद्योग में MSME के लिये परिचालन लागत को कम करने में मदद की है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**24. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. खाद्यान्न और ईंधन पर सब्सिडी में कटौती
2. वैधानिक तरलता अनुपात (SLR) बढ़ाना
3. आवश्यक वस्तुओं पर स्टॉक सीमा लागू करना

**उपर्युक्त में से कौन सी सरकारी कार्यवाही अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति को कम करने में मदद कर सकती है ?**

A. केवल 2 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**25. क्रूज़ भारत मिशन (CBM) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे वर्ष 2029 तक भारत को एक अग्रणी क्रूज़ पर्यटन स्थल बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया था।
2. इसका क्रियान्वन पर्यटन मंत्रालय करेगा और इसे दो चरणों में क्रियान्वित किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**26. निम्नलिखित रिपोर्टों पर विचार कीजिये:**

1. विश्व व्यापार रिपोर्ट
2. वैश्विक व्यापार परिदृश्य और सांख्यिकी
3. व्यापार के लिये सहायता कार्य में

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन उपर्युक्त रिपोर्ट जारी करता है?**

A. विश्व बैंक
B. विश्व व्यापार संगठन (WTO)
C. व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCTAD)
D. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)

**27. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. वर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट
2. पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ
3. लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स

**निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन उपर्युक्त सभी रिपोर्ट जारी करता है?**

A. विश्व बैंक
B. संयुक्त राष्ट्र
C. विश्व आर्थिक मंच
D. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)

## अंतर्राष्ट्रीय संबंध

**28. भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक (IMEC) कॉरिडोर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. IMEC को वर्ष 2023 के G20 शिखर सम्मेलन में लॉन्च किया गया था, जिसके हस्ताक्षरकर्त्ताओं में भारत, अमेरिका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, फ्राँस, जर्मनी, इटली और यूरोपीय संघ शामिल थे।
2. IMEC, G7 द्वारा शुरू की गई वैश्विक अवसंरचना और निवेश साझेदारी (PGII) का एक हिस्सा है।
3. IMEC में केवल शिप-टू-रेल नेटवर्क-आधारित परिवहन मार्ग शामिल होंगे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दिल्ली घोषणा (वर्ष 2006) और रियाद घोषणा (वर्ष 010) ने भारत-सऊदी अरब संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ा दिया।
2. वित्त वर्ष 2023-24 में, सऊदी अरब भारत के लिये कच्चे तेल का सबसे बड़ा स्रोत बन गया, जो देश के कुल कच्चे तेल आयात का 14.3% हिस्सा था।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**30. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दिल्ली घोषणा (वर्ष 2006) और रियाद घोषणा (वर्ष 010) ने भारत-सऊदी अरब संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ा दिया।
2. वित्त वर्ष 2023-24 में, सऊदी अरब भारत के लिये कच्चे तेल का सबसे बड़ा स्रोत बन गया, जो देश के कुल कच्चे तेल आयात का 14.3% हिस्सा था।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

## कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र

**31. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. पूसा डीकंपोजर
2. फसल अवशेषों का पेलेटीकरण
3. बायोचार उत्पादन
4. हैप्पी सीडर

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त विधियों में से कौन-सी विधि फसल अवशेषों का उत्पादक उद्देश्यों के लिये उपयोग कर पराली दहन को कम करने में प्रत्यक्ष सहायता करती है?**

A. केवल 1, 2 और 4
B. केवल 1, 3 और 4
C. 1, 2, 3 और 4
D. केवल 2 और 3

**32. क्योंझर कालाचंपा शब्द हाल ही में किस संदर्भ में समाचारों में देखा गया था?**

A. एक स्वदेशी धान की किस्म।
B. क्योंझर के वनों में एक नया खोजा गया औषधीय पादप।
C. ओडिशा की मूल निवासी मवेशियों की एक दुर्लभ नस्ल।
D. क्योंझर क्षेत्र का एक पारंपरिक लोक नृत्य।

## भूगोल

**33. स्लोवाक गणराज्य के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी सीमा दक्षिण में पोलैंड, उत्तर में हंगरी, उत्तर-पश्चिम में चेक गणराज्य, पश्चिम में यूक्रेन और पूर्व में ऑस्ट्रिया से लगती है।
2. वर्ष 1993 में चेकोस्लोवाकिया के शांतिपूर्ण विघटन के बाद यह एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में उभरा, जिसे आमतौर पर "वेलवेट डिवोर्स" के रूप में जाना जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1, न ही 2

**34. मेघ प्रस्फोट के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह तब होता है जब पर्वत श्रृंखला से अवरोही शुष्क वायु ऊष्मित हो जाती है, जिससे पवनविमुख दिशा में भारी वर्षा होती है।
2. अपनी स्थानीय प्रकृति के कारण, मेघ प्रस्फोट का पूर्वानुमान करना या उसका पता लगाना कठिन होता है, लेकिन इससे आकस्मिक विनाशकारी वर्षा हो सकती है, जिससे बाढ़ और भूस्खलन हो सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**35. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | बाँध | नदी |
|---|---|---|
| 1. | किशनगंगा | चिनाब |
| 2. | रतले | झेलम |
| 3. | शाहपुर | रावी |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**36. साओरा जनजाति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह तमिलनाडु की प्राचीनतम जनजातियों में से एक है, जिसका उल्लेख रामायण और महाभारत दोनों में मिलता है।
2. इसके दो उपसमूह हैं, सुधा साओरा, जो मैदानी इलाकों में सिंचन कृषि करते हैं, और लांजिया साओरा, जो पर्वतीय क्षेत्रों में स्थानांतरी कृषि पर निर्भर हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

**37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह काला सागर और आज़ोव सागर के बीच अवस्थित है।
2. यह बालू गर्त के टोंका द्वारा आज़ोव सागर से अलग होता है।
3. कोष्णजल वाले बंदरगाहों तक रूस की पहुँच के लिये इसका सेवस्तोपोल बंदरगाह आवश्यक है और इसका अहम सामरिक सैन्य महत्त्व है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान उपर्युक्त विवरण से सर्वाधिक सुमेलित होता है?**

A. क्रीमिया
B. सोची
C. ओडेसा
D. बटूमी

**38. 'रिवाइव अवर ओशन' पहल के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पहल समुद्री संरक्षित क्षेत्रों (MPA) के निर्माण के माध्यम से समुद्री संरक्षण को बढ़ावा देने के लिये शुरू की गई थी।
2. इसमें स्थानीय समुदायों को MPA का प्रबंधन करने के लिये सशक्त बनाने हेतु UK, पुर्तगाल और भारत सहित सात देशों को लक्षित किया गया है।
3. यह पहल वर्ष 2030 तक 30% महासागरों को संरक्षित करने के कुनमिंग-मॉन्ट्रियल वैश्विक जैवविविधता ढाँचे के 30X30 लक्ष्य के अनुरूप है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**39. शाहिद राजाई बंदरगाह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह ईरान का सबसे बड़ा और सबसे उन्नत वाणिज्यिक बंदरगाह है, जो होर्मुज जलडमरूमध्य के पास स्थित है।
2. यह अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (INSTC) का हिस्सा है जो ईरान, रूस और भारत के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

**40. विश्व के सबसे प्राचीन जीवन रूपों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सायनोबैक्टीरिया ऑक्सीजन प्रकाश संश्लेषण करने वाले पहले जीव थे, जिससे बृहद ऑक्सीकरण घटना घटित हुई
2. स्ट्रोमेटोलाइट्स, सायनोबैक्टीरिया निवह द्वारा निर्मित स्तरित शैल रुपी संरचनाएँ हैं।
3. आर्किया आनुवंशिक रूप से यूकेरियोट्स की तुलना में बैक्टीरिया के अधिक निकट हैं और केवल विषम वातावरण में ही विकसित होते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**41. निम्नलिखित साइबर खतरों और उनके विवरण पर विचार कीजिये:**

1. फिशिंग: किसी विश्वसनीय इकाई के रूप में छिपकर संवेदनशील जानकारी प्राप्त करने का प्रयास।
2. रैनसमवेयर: मैलवेयर जो फाइलों को लॉक या एन्क्रिप्ट करता है तथा रिलीज़ के लिये भुगतान की मांग करता है।
3. डिनायल ऑफ-सर्विस (DoS): लॉटरी जीतने का वादा करने वाला एक घोटाला ईमेल।
4. SQL इंजेक्शन: अनधिकृत पहुँच प्राप्त करने के लिये डेटाबेस क्वेरी में कमज़ोरियों का फायदा उठाना।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त विवरणों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1, 2 और 4

B. केवल 1, 3 और 4

C. केवल 2, 3 और 4

D. 1, 2, 3 और 4

**42. व्हीकल-टू-ग्रिड (V2G) प्रौद्योगिकी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. V2G प्रौद्योगिकी इलेक्ट्रिक वाहन (EV) बैटरियों को द्वि-दिशात्मक चार्जिंग के माध्यम से चार्ज करने तथा ग्रिड में वापस विद्युत आपूर्ति करने में सक्षम बनाती है।
2. भारत V2G अपनाने में वैश्विक स्तर पर अग्रणी है, जहां इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों को अधिकतम मांग के दौरान ग्रिड को विद्युत आपूर्ति करने के लिये मुआवजा दिया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**43. ब्लैक होल के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ब्लैक होल अपने तीव्र गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र के कारण प्रकाश को मोड़ सकते हैं।
2. इवेंट होराइजन टेलीस्कोप ने रेडियो दूरबीनों के नेटवर्क का उपयोग करके ब्लैक होल का पहली छवि तैयार किया।
3. गुरुत्वाकर्षण तरंगें अंतरिक्ष में ब्लैक होल विलय का प्रमाण प्रदान करती हैं।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**44. सौर-आधारित विलवणीकरण प्रौद्योगिकी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सौर-आधारित विलवणीकरण में सौर और विद्युत जूल तापन दोनों को एकीकृत किया जाता है, जिससे सूर्य की बदलती हुई स्थितियों में भी एकसमान प्रदर्शन सुनिश्चित होता है।
2. दोहरे-पक्षीय सुपरहाइड्रोफोबिक लेजर-प्रेरित ग्राफीन (DSLIG) बाष्पित्र, नमक के जमाव को रोकने और विलवणीकरण दक्षता में सुधार करने के लिये हाइड्रोफोबिक सामग्रियों का उपयोग करता है।
3. सौर प्रौद्योगिकियों के माध्यम से खारे पानी को शुद्ध करने की प्रक्रिया केवल खारे पानी के उपचार तक ही सीमित है तथा समुद्री जल को शुद्ध करने के लिये यह प्रभावी नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एनीमिया मुक्त भारत (AMB) अभियान छह कमज़ोर समूहों, छह हस्तक्षेपों और छह संस्थागत तंत्रों को लक्षित करने के लिये एक रूपरेखा के साथ शुरू किया गया था।
2. मदर चाइल्ड ट्रैकिंग सिस्टम (MCTS) का उपयोग विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं में एनीमिया के मामलों को ट्रैक करने और रिपोर्ट करने के लिये किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**46. मिशन मौसम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह मिशन मुख्य रूप से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है और इसमें उपग्रह आधारित मानसून पूर्वानुमान पर ध्यान केंद्रित किया गया है।
2. इसमें सुपरकंप्यूटिंग शक्ति का उपयोग किया जाता है, तथा सटीक जलवायु मॉडलिंग के लिये प्रत्यूष और मिहिर जैसी उन्नत प्रणालियों का उपयोग किया जाना शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**47. QpiAI-इंडस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पूर्णत: भारत में निर्मित पहली क्वांटम कंप्यूटिंग प्रणाली है।
2. यह क्वांटम हार्डवेयर को AI-संचालित सॉफ्टवेयर टूल्स के साथ जोड़ता है, जिससे एकल प्रणाली के भीतर क्वांटम अनुप्रयोगों के संपूर्ण विकास की सुविधा मिलती है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**48. ग्रीन क्रिप्टोकरेंसी के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्रीन क्रिप्टोकरेंसी डिजिटल मुद्राएँ हैं जिन्हें पर्यावरणीय प्रभाव, विशेष रूप से उच्च ऊर्जा उपभोग और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
2. लाइटकॉइन एक ग्रीन क्रिप्टोकरेंसी है जिसे बिटकॉइन जैसी पारंपरिक डिजिटल मुद्राओं के लिये पर्यावरण अनुकूल विकल्प प्रदान करने के लिये बनाया गया था।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**49. E-2025 पहल, आर्टेमिसिनिन और R21/मैट्रिक्स-M एक सामान्य संदर्भ के कारण प्राय: समाचारों में देखे जाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा कारण इसका सर्वोत्तम वर्णन करता है ?**

1. रोगाणुरोधी प्रतिरोध (AMR) की रोकथाम हेतु वैश्विक पहल
2. मलेरिया उन्मूलन प्रयासों में प्रगति
3. प्रवाल भित्तियों के संरक्षण में अंतर्राष्ट्रीय प्रयास
4. कैंसर उपचार अनुसंधान में सफलता

**50. खसरे के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक अत्यधिक संक्रामक वायरल रोग है और विश्व भर में छोटे बच्चों में मृत्यु का कारण बनता है।
2. यह रोग मोर्बिलिवायरस नामक RNA वायरस के कारण होता है, तथा मनुष्य इस वायरस का एकमात्र प्राकृतिक मेज़बान है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**51. RNA साइलेंसिंग से संबंधित निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**

1. यह पादपों की प्राकृतिक रक्षा प्रणाली है, जिसमें डबल-स्ट्रैंडेड RNA प्रतिरक्षा प्रणाली को सक्रिय कर वायरल RNA को नष्ट करता है।
2. होस्ट-इंड्यूस्ड जीन साइलेंसिंग में किसी भी आनुवंशिक संशोधन के बिना पादपों की प्रतिरक्षा को बढ़ाने के लिये RNA स्प्रे का उपयोग शामिल है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉडयूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

**52. लेप्टोब्रैकियम आर्याटियम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे हाल ही में असम के गुवाहाटी में स्थित गरभंगा रिज़र्व फॉरेस्ट में खोजा गया था।
2. यह प्रजाति विशिष्ट विशेषताओं के लिये जानी जाती है, जिसमें तीक्ष्ण नारंगी और काले रंग की आँखें, कंठ पर जालिकारुपी विशिष्ट पैटर्न, तथा संध्या के समय सहज, लयबद्ध आवाज़ शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**53. फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन (FGD) प्रणाली के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. FGD एक प्रक्रिया है जो कोयला आधारित पॉवर स्टेशनों में उपयोग की जाती है, ताकि जीवाश्म ईंधनों को जलाने से उत्पन्न धुँए (फ्लू गैस) से सल्फर डाइऑक्साइड ($SO_2$) को हटाया जा सके।
2. भारत में लगभग 90% कोयले में सल्फर की मात्रा कम होती है, जिससे FGD प्रणालियों का कार्यान्वयन कम महत्त्वपूर्ण हो जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**54. अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस (IBCA) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक संधि-आधारित अंतर-सरकारी संगठन है, जिसे भारत ने प्रोजेक्ट टाइगर की 50वीं वर्षगाँठ पर लॉन्च किया गया।
2. भारत को 2025 में IBCA का मुख्यालय और सचिवालय के रूप में आधिकारिक रूप से नियुक्त किया गया है।
3. इसकी सदस्यता उन सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों के लिये खुली है जहाँ ये प्रजातियाँ प्राकृतिक रूप से पाई जाती हैं, साथ ही उन गैर-क्षेत्रीय देशों के लिये भी जो बड़ी बिल्लियों (बिग कैट) के संरक्षण का समर्थन करना चाहते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं/ हैं?**

A. केवल एक

B. सिर्फ दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**55. निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. वे प्राचीन समुद्री क्रस्टेशियन हैं जो केकड़ों और श्रिम्प से निकट रूप से संबंधित हैं।
2. वे समुद्र तल के भीतर स्वनिर्मित बिलों में रहते हैं।
3. स्पीयर्स और स्मैशर्स में उनका वर्गीकरण विशेष शिकार तंत्र पर आधारित है।

**निम्नलिखित में से कौन सी प्रजाति उपर्युक्त विशेषताओं द्वारा सबसे अच्छी तरह वर्णित है?**

A. मैंटिस श्रिम्प (Mantis Shrimp)

B. पिस्तौल श्रिम्प (Pistol Shrimp)

C. टाइगर प्रॉन (Tiger Prawn)

D. घोस्ट श्रिम्प (Ghost Shrimp)

**56. विश्व पृथ्वी दिवस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह दिवस वैश्विक पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने के लिये 22 अप्रैल को प्रतिवर्ष मनाया जाता है, जिसका वर्ष 2025 का विषय नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार पर केंद्रित है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

2. वर्ष 1970 में मनाए गए प्रथम पृथ्वी दिवस से प्रत्यक्ष रूप से संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) का निर्माण हुआ।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**57. कोलॉसल स्क्विड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये पृथ्वी पर सबसे बड़े ज्ञात कशेरुकी हैं और सेफलोपोडा वर्ग से संबंधित हैं।
2. इनका व्यावसायिक दृष्टि से शिकार किया जाता है और ये आमतौर पर अंटार्कटिका के आसपास, दक्षिणी महासागर में 200 से 4000 मीटर की गहराई में पाए जाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विश्व का एकमात्र स्थान है जहाँ वन्य मेलेनिस्टिक बाघ पाए जाते हैं।
2. यह उद्यान ऊँचे पठारों और पहाड़ियों से घिरा हुआ है, इसके उच्चतम शीर्ष खैरीबुरू और साथ ही मेघाशिनी के शीर्ष हैं।
3. इन वनों में साल के वृक्ष, आद्र पर्णपाती और अर्द्ध-सदाबहार प्रजाति के वृक्ष पाए जाते हैं, जो वनस्पतियों और जीवों के लिये एक समृद्ध और विविध आवास का निर्माण करते हैं।

**निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्रीय उद्यान उपर्युक्त विशेषताओं को प्रदर्शित करता है?**

A. सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान
B. काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान
C. जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान
D. रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान

**59. प्राय: समाचारों चर्चित रिवर सिटीज़ अलायंस है:**

A. ग्रामीण भारत में आर्द्रभूमि के संरक्षण पर केंद्रित एक सरकारी कार्यक्रम।
B. भारतीय शहरों में नदी-संवेदनशील नगर नियोजन को बढ़ावा देने और नगरीय नदी प्रबंधन योजनाएँ बनाने के उद्देश्य से की गई पहल।
C. सभी नदीय शहरों में सतत् नगरीय विकास को बढ़ावा देने हेतु स्थापित एक वैश्विक गठबंधन।
D. भारत में नदी तटों के निकट स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लिये समर्पित एक निजी संगठन।

**60. अल्फाल्फा बीज के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उपयोग मुख्यत: मानव भोजन के रूप में किया जाता है तथा यह पशु चारे के रूप में उपयुक्त नहीं है।
2. यह एक अत्यंत पौष्टिक पौधा है जो विटामिन, खनिज और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर है।
3. एक फलीदार पौधा होने के कारण इसमें वायुमंडल से मृदा में नाइट्रोजन को स्थिर करने की क्षमता होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. केवल 1 और 2
2. केवल 2 और 3
3. केवल 1 और 3
4. 1, 2 और 3

## रक्षा एवं सुरक्षा

**61. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | संयुक्त अभ्यास | संबंधित देश |
|---|---|---|
| 1. | युद्ध अभ्यास | भारत - संयुक्त राज्य अमेरिका |
| 2. | मालाबार | भारत - संयुक्त अरब अमीरात |
| 3. | डेज़र्ट ईगल | भारत - मंगोलिया |
| 4. | नोमेडिक एलीफैंट | भारत - म्याँमार |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

C. केवल तीन
D. सभी चार

**62. प्राय: समाचारों में आने वाला शब्द GPS स्पूफिंग, का सबसे अच्छा वर्णन इस प्रकार किया जा सकता है:**

A. सटीकता में सुधार के लिये GPS सिग्नल प्रसंस्करण में तेज़ी लाने की एक विधि।
B. एक साइबर हमला जिसमें नेविगेशन सिस्टम को गुमराह करने के लिये नकली GPS सिग्नल उत्पन्न किये जाते हैं।
C. GPS उपग्रहों की सिग्नल शक्ति को बढ़ाने के लिये उपयोग की जाने वाली एक तकनीक।
D. दूरस्थ क्षेत्रों में GPS सिग्नल प्राप्ति को बेहतर बनाने के लिये प्रयुक्त एक प्रक्रिया।

## इतिहास

**63. जलियाँवाला बाग हत्याकांड की जाँच के लिये ब्रिटिश सरकार ने कौन-सा आयोग गठित किया था?**

A. हंटर आयोग
B. ली आयोग
C. साइमन कमीशन
D. वुडहेड आयोग

## विविध

**64. मैकग्रेगर मेडल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह मेडल यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया (USI) के संस्थापक मेजर जनरल सर चार्ल्स मेटकाफ मैकग्रेगर के सम्मान में संस्थापित किया गया था।
2. यह भारतीय सेना, नौसेना, वायु सेना, प्रादेशिक सेना, रिज़र्व बल, राष्ट्रीय राइफल्स और असम राइफल्स के सभी रैंक के कर्मियों को प्रदान किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

## Answers

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (D) | 2. (C) | 3. (C) | 4. (A) | 5. (A) | 6. (C) | 7. (B) | 8. (D) | 9. (B) | 10. (D) |
| 11. (A) | 12. (C) | 13. (C) | 14. (C) | 15. (B) | 16. (C) | 17. (A) | 18. (A) | 19. (A) | 20. (D) |
| 21. (C) | 22. (C) | 23. (A) | 24. (A) | 25. (A) | 26. (B) | 27. (A) | 28. (B) | 29. (A) | 30. (A) |
| 31. (C) | 32. (A) | 33. (B) | 34. (A) | 35. (A) | 36. (B) | 37. (A) | 38. (B) | 39. (C) | 40. (B) |
| 41. (A) | 42. (A) | 43. (D) | 44. (A) | 45. (C) | 46. (B) | 47. (C) | 48. (A) | 49. (B) | 50. (D) |
| 51. (A) | 52. (C) | 53. (C) | 54. (D) | 55. (A) | 56. (A) | 57. (D) | 58. (A) | 59. (B) | 60. (B) |
| 61. (C) | 62. (B) | 63. (A) | 64. (C) | | | | | | |

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉडयूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

# व्याख्या

## भारतीय कला एवं संस्कृति

1.

उत्तर: D

व्याख्या:

- बनारसी शहनाई एक **पारंपरिक परंपरागत सुषिर वाद्य यंत्र है जिसका गहन संबंध भारतीय शास्त्रीय संगीत के बनारस घराने से है। अत: कथन 1 सही है।**
- इसे राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि **उस्ताद बिस्मिल्लाह खान** के माध्यम से प्राप्त हुई, जिन्होंने **भारत के प्रथम स्वतंत्रता दिवस** पर **लाल किले** पर शहनाई का वादन किया था।**अत: कथन 2 सही है।**
  - **उन्होंने 1937 में** कलकत्ता अखिल भारतीय संगीत सम्मेलन में अपने प्रदर्शन से शहनाई को भारतीय शास्त्रीय संगीत में **प्रमुखता प्रदान की।**
- **वाराणसी की बनारसी शहनाई को भौगोलिक संकेतक (GI) टैग** प्रदान किये जाने के साथ यहाँ की **समृद्ध सांस्कृतिक और शिल्प विरासत** को राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई। **अत: कथन 3 सही है।**

2.

उत्तर: C

व्याख्या:

**शेवाकी स्तूप:**

- **काबुल** के **शेवाकी स्तूप** की **चौड़ाई 20 मीटर से अधिक** है और यह **पहली से तीसरी शताब्दी ईस्वी** का एक प्रमुख **बौद्ध युगीन स्मारक** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसमें **कुषाण और हेलेनिस्टिक स्थापत्य शैली** (यूनानी संस्कृति से प्रभावित) दोनों का सम्मिश्रण है और इसका निर्माण **फील्ड स्टोन, मृदा और प्लास्टर** से किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह स्तूप, जो एक पूर्व में एक समय एक प्रमुख धार्मिक और कारवाँ स्थल था, का **पहली बार उत्खनन पुरातत्त्वविदों द्वारा वर्ष 1820** में किया गया था।

3.

उत्तर: C

व्याख्या:

**ताजमहल:**

- ताजमहल का निर्माण **मुगल सम्राट शाहजहाँ** ने अपनी पत्नी **मुमताज महल** की याद में करवाया था और **उस्ताद अहमद लाहौरी** को इसका मुख्य वास्तुकार माना जाता है।
  - इसका निर्माण 1632 ई. में शुरू हुआ और 1648 ई. में पूरा हुआ। इसकी सहायक संरचनाएँ 1653 ई. तक पूरी हो गईं। इसे मुगल साम्राज्य, मध्य एशिया और ईरान के कारीगरों द्वारा बनाया गया था।
- इसे **1983 में यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया था,** मानव रचनात्मक प्रतिभा की उत्कृष्ट कृति के रूप में इसके असाधारण मूल्य के लिये मान्यता दी गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह विश्व स्तर पर विश्व के सात आश्चर्यों में से एक के रूप में प्रसिद्ध है।
- ताजमहल को वर्ष 1920 में **राष्ट्रीय महत्त्व का केंद्रीय संरक्षित स्मारक** घोषित किया गया था।
- इसका **प्रबंधन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI)** द्वारा किया जाता है। यह **प्राचीन स्मारक और पुरातत्त्व स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 और 1959 नियमों** के तहत संरक्षित है, तथा **ताज ट्रेपेज़ियम ज़ोन (TTZ)** के तहत शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

## राजव्यवस्था एवं शासन

4.

उत्तर: A

व्याख्या:

SC उप-वर्गीकरण के संवैधानिक और विधिक पहलू:

- **संवैधानिक प्रावधान:**
  - **अनुच्छेद 14:** इसमें मौलिक समानता प्राप्त करने के लिये उचित वर्गीकरण की अनुमति दी गई है। उप-वर्गीकरण तभी स्वीकार्य है जब यह **बोधगम्य भिन्नता** (एक समूह को दूसरे से अलग करने के लिये एक स्पष्ट और बोधगम्य आधार) और **तर्कसंगत संबंध** (वर्गीकरण और उसके लक्ष्य के बीच एक तार्किक संबंध) पर आधारित हो। **अत: कथन 1 सही है।**
  - **अनुच्छेद 15(4) और 15(5):** राज्य को शिक्षा और संस्थानों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों सहित सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों की उन्नति के लिये विशेष प्रावधान करने का प्राधिकार है।
- **प्रमुख न्यायिक व्याख्याएँ:**
  - **ई.वी. चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश राज्य (वर्ष 2004):** सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय दिया कि अनुसूचित जातियाँ एक **समरूप वर्ग (Homogeneous Class)** हैं तथा अनुसूचित जातियों के भीतर कोई भी **उप-वर्गीकरण** अनुच्छेद 341 के तहत **राष्ट्रपति सूची में फेरबदल** के समान होगा।
    - चूँकि केवल संसद ही सूची में संशोधन कर सकती है, इसलिये न्यायालय ने राज्यों द्वारा उप-वर्गीकरण को **असंवैधानिक** घोषित कर दिया।
  - **पंजाब राज्य बनाम दविंदर सिंह (वर्ष 2024):** सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने **चिन्नैया निर्णय** को खारिज कर दिया और इस बात को बरकरार रखा कि राज्य अनुभवजन्य आँकड़ों और ऐतिहासिक साक्ष्यों का उपयोग करके **पिछड़ेपन के विभिन्न स्तरों के आधार पर आरक्षण कोटे के भीतर SC और ST को उप-वर्गीकृत** कर सकते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - इस तरह के उप-वर्गीकरण में राजनीतिक उद्देश्यों से बचना चाहिये तथा यह न्यायिक समीक्षा के अधीन है।

5.

उत्तर: A

व्याख्या:

राजमन्नार समिति:

- **राजमन्नार समिति का गठन केंद्र-राज्य संबंधों** की समीक्षा के लिये किया गया था, जिसने **सत्ता के बढ़ते केंद्रीकरण की आलोचना** की थी, जिससे **राज्य की स्वायत्तता** कमज़ोर हो रही थी।
- समिति ने संघीय संतुलन बहाल करने के लिये **अंतर-राज्य परिषद (ISC)** को मज़बूत करने का आह्वान किया।
- हालाँकि **संविधान संघीय** प्रतीत होता है, समिति ने कहा कि यह **एकात्मक** रूप से कार्य करता है तथा **राज्यों को केंद्र के प्रशासनिक अंग** बना देता है।
- इसने **अनुच्छेद 256** (राज्यों को संसद द्वारा बनाए गए कानूनों का पालन करना होगा), **257** (संघ को कुछ मामलों में राज्यों को निर्देश देने की अनुमति देता है), **365** और **356** को अनुचित **केंद्रीय नियंत्रण** को सक्षम करने के लिये चिह्नित किया।
- समिति ने सिफारिश की कि **अनुच्छेद 356** को समाप्त कर दिया जाना चाहिये।
- **अत: विकल्प A सही है।**

6.

उत्तर: C

व्याख्या:

भारत के महापंजीयक

- **गृह मंत्रालय** के अधीन वर्ष 1949 में स्थापित RGI, **भारत की दशकीय जनगणना** और **भारतीय भाषाई सर्वेक्षण** सहित जनसंख्या डेटा संग्रह की देखरेख के लिये ज़िम्मेदार है। **अत: कथन 1 सही है।**
- RGI **RBD अधिनियम, 1969** के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करता है, और निरंतर जन्म और मृत्यु पंजीकरण के लिये CRS का प्रबंधन करता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- यह सभी सामान्य निवासियों के जनसांख्यिकीय विवरण दर्ज करने के लिये राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (NPR) का भी रखरखाव करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- RGI का नेतृत्व एक वरिष्ठ सिविल सेवक करता है, जो आमतौर पर **संयुक्त सचिव स्तर** का होता है, RGI जनसांख्यिकीय योजना और नीति निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**7.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत के मुख्य न्यायाधीश**

- मुख्य न्यायाधीश सहित **सर्वोच्च न्यायालय** के न्यायाधीश की नियुक्ति **राष्ट्रपति** द्वारा अनुच्छेद 124 (2) के तहत की जाती है।
- वरिष्ठतम न्यायाधीश को सेवा की अवधि के आधार पर मुख्य न्यायाधीश के रूप में नामित किया जाता है (यह एक परिपाटी है, विधिक आवश्यकता नहीं)। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- मुख्य न्यायाधीश के रूप में अर्हता प्राप्त करने के लिये व्यक्ति को भारत का नागरिक होना चाहिये, **5 वर्षों तक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश** या **10 वर्षों तक अधिवक्ता के रूप में कार्य किया होना चाहिये**, या राष्ट्रपति की राय में प्रतिष्ठित विधिवेत्ता होना चाहिये।
- मुख्य न्यायाधीश को **राष्ट्रपति** द्वारा केवल **संसद** के दोनों सदनों में विशेष बहुमत द्वारा समर्थित अभिभाषण के बाद ही हटाया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**8.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **सुरेश कुमार कौशल बनाम नाज़ फाउंडेशन (2013):** सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के वर्ष 2009 के फैसले को पलट दिया, जिसमें भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 377 के तहत समलैंगिकता को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया गया था।
    - **राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण बनाम भारत संघ (2014):** सर्वोच्च न्यायालय ने **व्यक्तियों के स्वयं अपने जेंडर की पहचान करने** के अधिकार की पुष्टि की, तथा स्वीकार किया कि जेंडर पहचान **बायोलॉजिकल सेक्स** से परे है, तथा इसमें पुरुष, महिला या ट्रांसजेंडर के रूप में पहचाने जाने का अधिकार भी शामिल है।
    - **पुट्टास्वामी मामला (2017):** न्यायालय ने **निजता के अधिकार** की पुष्टि करते हुए **यौन अभिविन्यास** को मौलिक अधिकार के रूप में शामिल किया, तथा इस बात पर बल दिया कि यौन अभिविन्यास के आधार पर भेदभाव मानवीय गरिमा और समानता का उल्लंघन करता है।
- **नवतेज सिंह जौहर बनाम भारत संघ (2018):** सर्वोच्च न्यायालय ने **भारतीय दंड संहिता** (अब **भारतीय न्याय संहिता**) की धारा 377 को निरस्त करते हुए **समलैंगिकता को अपराध से मुक्त** कर दिया, जिसके तहत पहले **सहमति से बनाए गए समलैंगिक संबंधों** को अपराध माना जाता था।
- अतः विकल्प D सही है।

**9.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत न्याय रिपोर्ट 2025:**

- **भारत न्याय रिपोर्ट को अपनी तरह की पहली राष्ट्रीय आवधिक रिपोर्ट** के रूप में वर्णित किया गया है जो न्याय प्रदान करने की उनकी क्षमता के आधार पर राज्यों को रैंक करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- रिपोर्ट में चार स्तंभों का मूल्यांकन किया गया है:
    - **पुलिस, जेल, न्यायपालिका, कानूनी सहायता** और **राज्य मानवाधिकार आयोगों (SHRC)** का मूल्यांकन के भाग के रूप में उल्लेख किया गया है, लेकिन यह स्पष्ट रूप से SHRC को एक अलग स्तंभ के रूप में सूचीबद्ध नहीं करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- महिलाएँ अब भी केवल **8% अधिकारी पदों पर हैं** और 4,940 वरिष्ठ IPS पदों में से 1,000 से कम, **90%** कांस्टेबल के पद पर हैं। हालाँकि, **78% पुलिस स्टेशनों में** अब **महिला हेल्प डेस्क हैं।**
- रिपोर्ट में निष्पक्ष तुलना के लिये राज्यों को **बड़े/मध्यम आकार** (जनसंख्या >1 करोड़) और छोटे (जनसंख्या <1 करोड़) में वर्गीकृत किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **कर्नाटक, आंध्र प्रदेश** और तेलंगाना **बड़े और मध्यम आकार के राज्यों में शीर्ष पर हैं,** जबकि **सिक्किम छोटे राज्यों** में सबसे आगे है। बिहार, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में सबसे अधिक सुधार हुआ है।

10.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- प्रधानमंत्री ने **17 वें राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस** (21 अप्रैल 2025) के अवसर पर सिविल सेवकों को संबोधित किया और **लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिये प्रधानमंत्री पुरस्कार (PMAEPA)** से सम्मानित किया। **अतः कथन 1 सही है।**
- **PMAEPA:** केंद्र और राज्य सरकारों के अधिकारियों द्वारा किये गए उत्कृष्ट और अभिनव कार्यों को मान्यता देने के लिये स्थापित किया गया। **सभी सरकारी अधिकारी और संगठन इसके लिये पात्र** हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
    - चयन प्रक्रिया में स्क्रीनिंग समिति, विशेषज्ञ समिति द्वारा मूल्यांकन और **कैबिनेट सचिव और प्रधानमंत्री** द्वारा अंतिम अनुमोदन शामिल है। **अतः कथन 3 सही है।**
    - पुरस्कार में एक ट्रॉफी, एक स्क्रॉल और लोक कल्याणकारी पहलों के समर्थन के लिये 20 लाख रुपए शामिल हैं।

11.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**जल जीवन मिशन:**

- भारत सरकार ने प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (FHTC) प्रदान करने के लिये वर्तमान के राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (NRDWP) को पुनर्गठित किया और जल जीवन मिशन (JJM) में शामिल किया। **अतः कथन 1 सही है।**
- JJM के अंतर्गत दिसंबर 2024 तक सभी **16 करोड़ ग्रामीण घरों में नल कनेक्शन का लक्ष्य** निर्धारित किया गया था। वर्तमान में **75% कवरेज** हासिल कर लिया गया है, जबकि लगभग **4 करोड़** घरों में अभी भी कनेक्शन बाकी है। पूर्ण कवरेज प्राप्त करने के लिये वर्तमान में इस मिशन को **दिसंबर 2028** तक विस्तारित करने का प्रस्ताव किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- केंद्र और राज्य के बीच निधि बँटवारे का अनुपात हिमालयी (उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश) और पूर्वोत्तर राज्यों के लिये **90:10, संघ शासित प्रदेशों के लिये 100:0** तथा शेष राज्यों के लिये **50:50** है।




दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉडयूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

12.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (DFC)** एक उच्च गति और उच्च क्षमता वाला रेलवे गलियारा है जो विशेष रूप से माल या दूसरे शब्दों में, माल और वस्तुओं के परिवहन के लिए है।
  - DFC में दो शाखाएँ शामिल हैं: ईस्टर्न और वेस्टर्न
- ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (EDFC) पंजाब के साहनेवाल (लुधियाना) से शुरू होता है और पश्चिम बंगाल में दानकुनी में समाप्त होता है।
  - इस मार्ग पर कोयला खदानें, ताप विद्युत संयंत्र और औद्योगिक शहर हैं। इनके लिए फीडर रूट भी बनाए जा रहे हैं।
- EDFC मार्ग **पंजाब (1)**, हरियाणा, **उत्तर प्रदेश (2)**, **बिहार (3)**, झारखंड और पश्चिम बंगाल को कवर करता है। **इसमें उत्तराखंड (4) शामिल नहीं है।**
- **अत: विकल्प C सही है।**

13.

उत्तर: C

व्याख्या:

**राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (NCLAT):**

- इसका गठन **कंपनी अधिनियम, 2013** की **धारा 410** के तहत राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण के आदेशों के खिलाफ अपील की सुनवाई के लिये किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- **यह दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (IBC), 2016** के अंतर्गत मामलों के लिये अपील अधिकरण के रूप में भी कार्य करता है।
- **NCLAT राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (NCLT), भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड** द्वारा IBC की धारा 202 और धारा 211 के तहत तथा **भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI)** द्वारा पारित आदेशों के खिलाफ अपील की सुनवाई के लिये अपील अधिकरण भी है। **अत: कथन 2 सही है।**

14.

उत्तर: C

व्याख्या:

**पंचायती राज संस्थाएँ (PRI):**

- 73 वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 ने **PRI को संवैधानिक दर्जा दिया** और एक समान संरचना, चुनाव, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं के लिये **सीटों का आरक्षण** और PRI को निधि, कार्य और पदाधिकारियों के हस्तांतरण की व्यवस्था स्थापित की। **अत: कथन 1 सही है।**
- पंचायती राज संस्थाओं के **निर्वाचित सदस्यों** का **कार्यकाल** पाँच वर्ष का होता है।
- **ज़िला योजना समिति** किसी ज़िले में **ग्रामीण** और **शहरी क्षेत्रों** के लिये **विकास योजना का मसौदा** तैयार करने के लिये ज़िम्मेदार होती है। **अत: कथन 2 सही है।**

15.

उत्तर: B

व्याख्या:

**स्पेगेटी बाउल घटना**

- **स्पेगेटी बाउल घटना,** देशों के बीच **कई FTA के भ्रामक और अतिव्यापी नेटवर्क** को संदर्भित करती है, जो **व्यापार को सुविधाजनक बनाने के स्थान पर उसे और जटिल** बना देती है। चूँकि प्रत्येक FTA अपने स्वयं के **रूल्स ऑफ ओरिजिन (ROO)** के साथ आता है, जिससे उत्पादकों के लिये विभिन्न FTA में व्यापार करते समय **विभिन्न मानदंडों को पूरा करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है।**
  - यह शब्द **वर्ष 1995 में जगदीश भगवती** द्वारा गढ़ा गया था, जिसमें उन्होंने FTA की आलोचना करते हुए कहा था कि ये अनुत्पादक हैं तथा खुलेपन को बढ़ावा देने के बजाय वैश्विक व्यापार को जटिल बनाते हैं।
  - **"स्पेगेटी" रूपक (Metaphor)** व्यापार नियमों की जटिलता की तुलना बाउल ऑफ स्पेगेटी (Bowl Of Spaghetti) से करता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **प्रभाव:** अधिक FTA के बावजूद, क्षेत्रों (जैसे दक्षिण एशिया और पूर्वी एशिया) के बीच व्यापार की मात्रा प्राय: इस जटिलता के कारण स्थिर रहती है।

16.

**उत्तर:** C

**व्याख्या:**

**डॉ. के. कस्तूरीरंगन का योगदान:**

- ISRO में एक प्रमुख व्यक्ति के रूप में, **डॉ. कस्तूरीरंगन** ने **राष्ट्रीय प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन प्रणाली (NNRMS)** में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई , जिससे **कृषि, जल प्रबंधन, वानिकी और स्वास्थ्य** जैसे क्षेत्रों के लिये उपग्रह-आधारित सेवाएँ सक्षम हुईं।
- **विज्ञान से परे नीतिगत योगदान:**
  - **कस्तूरीरंगन समिति (वर्ष 2013) ने पश्चिमी घाट पारिस्थितिकी विशेषज्ञ पैनल की रिपोर्ट** की समीक्षा की और सिफारिश की कि संरक्षण और विकास के बीच संतुलन बनाने के लिये **पश्चिमी घाट** के 37% हिस्से को **पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र (ESA)** के रूप में नामित किया जाना चाहिये।
  - **डॉ. के. कस्तूरीरंगन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)** 2020 का मसौदा तैयार करने वाली समिति की अध्यक्षता की, **जिसमें बहु-विषयक शिक्षा, कौशल विकास** और **लचीले पाठ्यक्रम** की वकालत की गई।
- **अत: विकल्प C सही है।**

17.

**उत्तर:** A

**व्याख्या:**

**लोक सभा के उपाध्यक्ष:**

- उपाध्यक्ष के लिये **चुनाव प्रक्रिया लोकसभा के प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमों** द्वारा शासित होती है।
- **अनुच्छेद 95(1)** में कहा गया है कि जब अध्यक्ष का पद रिक्त हो तो **उपाध्यक्ष** उसके कर्त्तव्यों का निर्वहन करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- उपाध्यक्ष का चुनाव **साधारण बहुमत (मौजूद और मतदान करने वाले सदस्यों का बहुमत)** द्वारा किया जाता है, सदन के सभी सदस्यों के **पूर्ण बहुमत** से नहीं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **भारतीय संविधान** के **अनुच्छेद 95(2)** के अनुसार, **उपाध्यक्ष लोकसभा** के भंग होने तक अपने पद पर बना रहता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

18.

**उत्तर:** A

**व्याख्या:**

- भारत सरकार ने **IndiaAI मिशन** के तहत देश का पहला घरेलू **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM)** विकसित करने के लिये बंगलुरु स्थित स्टार्ट-अप सर्वम का चयन किया है। **अत: कथन I सही है।**
  - कंपनी **तीन मॉडल वैरिएंट** विकसित कर रही है: सर्वम-लार्ज (उन्नत तर्क), सर्वम-स्मॉल (वास्तविक समय अनुप्रयोग) और सर्वम-एज (कॉम्पैक्ट ऑन-डिवाइस टास्क)।
- सर्वम को 70 बिलियन पैरामीटर AI मॉडल बनाने के लिये IndiaAI मिशन के तहत छह माह के लिये **4,000 ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट (GPU)** प्राप्त होंगे।
- **इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)** के तहत वर्ष 2024 में स्वीकृत, IndiaAI मिशन का उद्देश्य भारत के AI पारिस्थितिकी तंत्र के ज़िम्मेदार तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देना है। **अत: कथन II सही है।**
- IndiaAI मिशन में कंप्यूटर तक पहुँच में विस्तार करना, डेटा की गुणवत्ता को बढ़ाना, स्वदेशी AI मॉडल विकसित करना, AI प्रतिभा को पोषित करना, उद्योग सहयोग को बढ़ावा देना, स्टार्टअप फंडिंग का समर्थन करना तथा नैतिक, सामाजिक रूप से इसकी प्रभावशीलता को बढ़ावा देना है।
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

19.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

- **वर्ष 1991 के उदारीकरण के बाद,** भारत को विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिये एक आधुनिक विवाद समाधान तंत्र की आवश्यकता थी।
  - **भारत** ने वैश्विक संरेखण और कानूनी एकरूपता सुनिश्चित करते हुए, **संयुक्त राष्ट्र आयोग के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून (UNCITRAL)** के अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक मध्यस्थता मॉडल कानून 1985 और UNCITRAL सुलह नियम, 1980 के आधार पर **मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996** को अधिनियमित किया।
- भारतीय मध्यस्थता परिषद (ACI) **मध्यस्थता और सुलह (संशोधन) अधिनियम, 2019** के तहत स्थापित एक स्वायत्त निकाय है, जिसका उद्देश्य मध्यस्थता और अन्य वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्रों की गुणवत्ता में सुधार करना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **डॉ . टी.के. विश्वनाथन समिति (वर्ष 2024)** ने संस्थागत मध्यस्थता को मज़बूत करने, न्यायालयी हस्तक्षेप को कम करने और लागत प्रभावी, समयबद्ध मध्यस्थता ढाँचा पेश करने की सिफारिश की। **अतः कथन 2 सही है।**

## भारतीय अर्थव्यवस्था

20.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- विश्व व्यापार संगठन (WTO) की वैश्विक व्यापार परिदृश्य और सांख्यिकी रिपोर्ट वैश्विक व्यापार की स्थिति व भविष्य के अनुमानों का विश्लेषण करती है, जिसमें वस्तु एवं सेवा व्यापार, प्रवृत्तियों और व्यापार को प्रभावित करने वाले प्रमुख जोखिमों को शामिल किया जाता है।
  - **वैश्विक व्यापार परिदृश्य और सांख्यिकी 2025 से पता चलता है कि वैश्विक व्यापारिक व्यापार में 0.2% की गिरावट आएगी,** जिसका मुख्य कारण अमेरिका व चीन के बीच बढ़ते व्यापार तनाव हैं। हालाँकि, सेवा व्यापार में 4.0% की मामूली वृद्धि का अनुमान है।
  - जिनेवा, स्विटजरलैंड में मुख्यालय वाले विश्व व्यापार संगठन को **टैरिफ और व्यापार पर सामान्य समझौते (GATT)** के **उरुग्वे दौर की वार्ता (1986-94)** के बाद 123 देशों द्वारा हस्ताक्षरित **मारकेश समझौते, 1994** के तहत स्थापित किया गया था।
- **विश्व व्यापार संगठन की प्रमुख रिपोर्टों में विश्व व्यापार रिपोर्ट, वैश्विक व्यापार परिदृश्य एवं सांख्यिकी तथा व्यापार हेतु** सहायता शामिल हैं।
- अतः विकल्प D सही है।

21.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

**इथेनॉल सम्मिश्रण:**

- इथेनॉल **मिश्रण कार्यक्रम (EBP), 2003** में 5% इथेनॉल मिश्रण लक्ष्य के साथ शुरू किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- **यह कार्यक्रम अंडमान एवं निकोबार** तथा **लक्षद्वीप संघ शासित प्रदेशों** को छोड़कर पूरे देश में क्रियान्वित किया गया है।
- जैव ईंधन पर **राष्ट्रीय नीति 2018 द्वारा शुरू में वर्ष 2030 तक 20%** इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य रखा था, लेकिन **वर्ष 2022** में संशोधन ने इसे **वर्ष 2025-26 तक आगे बढ़ा दिया गया। अतः कथन 2 सही है।**
- इथेनॉल सम्मिश्रण 2022-23 में **12.06% , 2023-24 में 14.60%** और 2024-25 में **17.98%** (फरवरी 2025 तक) तक पहुँच गया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

22.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेक्स रिज़र्व):**

- **विदेशी मुद्रा:** विदेशी मुद्रा भंडार का आशय किसी केंद्रीय बैंक द्वारा विदेशी मुद्राओं में आरक्षित रखी गई परिसंपत्तियों से हैं। इसमें बैंक नोट, जमाएँ, **बॉण्ड, ट्रेज़री बिल** तथा अन्य **सरकारी प्रतिभूतियाँ** शामिल हो सकती हैं, जो आमतौर पर **अमेरिकी डॉलर** में मूल्यवर्गित होती हैं।
  - ये **भुगतान संतुलन (BoP)** का एक प्रमुख घटक है।
  - **भारतीय रिजर्व बैंक, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार का संरक्षक** है तथा इसे **भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम,** 1934 के प्रावधानों से यह अधिकार प्राप्त है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **उद्देश्य:** यह **बाह्य भुगतान आवश्यकताओं को पूरा करने** और **राष्ट्रीय मुद्रा को स्थिर** करने में सहायक है।
  - ये भंडार **वैश्विक वित्तीय असंतुलन के दौरान बफर** के रूप में भी कार्य करता है जिससे **मौद्रिक नीतियों में विश्वास** सुनिश्चित होता है।
- **भारत के विदेशी मुद्रा भंडार के घटक:**
  - **विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियाँ (FCA):** सबसे अधिक हिस्सेदारी
  - **स्वर्ण भंडार:** दूसरी सबसे अधिक हिस्सेदारी। **अतः कथन 2 सही है।**
  - **विशेष आहरण अधिकार (SDR):**
    - यह **एक मुद्रा नहीं** है, बल्कि इसका **मूल्य 5 प्रमुख मुद्राओं की एक टोकरी द्वारा निर्धारित** होता है: **अमेरिकी डॉलर, यूरो, चीन की रेनमिनबी, जापानी येन** और **ब्रिटिश पाउंड स्टर्लिंग।**

23.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- चीन के बाद भारत वैश्विक स्तर पर **चमड़े के जूतों का दूसरा सबसे बड़ा** उत्पादक और उपभोक्ता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत **वैश्विक चमड़ा उत्पादन में 13%** का योगदान देता है, जो निर्यात में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है।
- **चमड़ा निर्यात परिषद (CLE)** पर्यावरण अनुपालन नहीं, बल्कि बाज़ार पहुँच और निर्यात संवर्द्धन की सुविधा प्रदान करती है, जिसकी देखरेख **राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT)** और **केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) जैसे निकाय करते हैं। अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **बूचड़खानों** पर प्रतिबंध और **पशु व्यापार पर प्रतिबंधों के कारण चमड़ा उद्योग** के लिये **कच्चे माल की उपलब्धता** सीमित हो गई है।
- वस्तु एवं सेवा कर (GST) व्यवस्था ने चमड़ा उद्योग में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) के लिये परिचालन लागत में 6-7% की वृद्धि की है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

24.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**मुद्रा स्फ़ीति:**

- **मुद्रास्फीति** किसी अर्थव्यवस्था में एक समयावधि में वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों के सामान्य स्तर में होने वाली वृद्धि है।
- खाद्यान्न और ईंधन पर सब्सिडी में कटौती से LPG, केरोसीन, उर्वरक आदि जैसी **आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि होगी, जिससे लागत में वृद्धि होगी** (कमी नहीं)।
- जब **वैधानिक तरलता अनुपात (SLR)** बढ़ा दिया जाता है, तो बैंकों को **सरकारी प्रतिभूतियों में अधिक धन रखना पड़ता है,** जिससे **ऋण के लिये उपलब्ध राशि** कम हो जाती है।
  - इससे अर्थव्यवस्था में **मुद्रा आपूर्ति कम** हो जाती है, **जिससे मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद** मिल सकती है। यह **मौद्रिक नीति को सख्त करने का एक साधन** है।
- **आवश्यक वस्तुओं पर स्टॉक सीमा** लागू करने से **आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी** और **सट्टा भंडारण** को हतोत्साहित किया जा सकेगा, जिससे **बाज़ार में आपूर्ति बढ़ेगी और**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**कीमतों को स्थिर या कम करने में** मदद मिलेगी। यह खाद्य मुद्रास्फीति के खिलाफ एक **प्रत्यक्ष नियंत्रण उपाय** है।

- **अत: विकल्प A सही है।**

25.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**क्रूज़ भारत मिशन (CBM):**

- भारत को वर्ष 2029 तक एक प्रमुख क्रूज़ पर्यटन स्थल बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2024 में CBM लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका क्रियान्वन **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय** द्वारा किया जाएगा और इसे 3 चरणों (2024-2029) में लागू किया जाएगा। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - इस मिशन में टर्मिनल विकास, डिजिटलीकरण, डीकार्बोनाइज़ेशन और क्षेत्रीय गठबंधन (UAE, मालदीव, सिंगापुर) शामिल हैं।
- इसका लक्ष्य वित्त वर्ष 2023-24 में 4.71 लाख की तुलना में **वर्ष 2029 तक क्रूज़ यात्री परिवहन को दोगुना** करना है।
- **नेशनल क्रूज़ अवसंरचना मास्टर प्लान, 2047** के साथ **ई-वीज़ा** एवं **ई-क्लीयरेंस जैसी पहलों** का उद्देश्य सुविधाएँ और पर्यटन को बढ़ावा देना है।

26.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**विश्व व्यापार संगठन (WTO):**

- विश्व व्यापार संगठन की स्थापना वर्ष 1995 में **उरुग्वे दौर की वार्ता (वर्ष 1986-94)** के बाद **मारकेश समझौते (वर्ष 1994)** के तहत हुई थी, जिसका मुख्यालय **जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड** में है।
  - WTO व्यापार को उदार बनाने के लिये एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है और सरकारों के लिये व्यापार समझौतों पर बातचीत करने के लिये एक मंच के रूप में कार्य करता है। इसने GATT का स्थान लिया, जिसने वर्ष 1948 से वैश्विक व्यापार को विनियमित किया था।
  - **GATT ने वस्तुओं के व्यापार पर ध्यान केंद्रित किया, जबकि WTO में वस्तुओं, सेवाओं और बौद्धिक संपदा में व्यापार शामिल है,** जिसमें सृजन, डिज़ाइन और आविष्कार शामिल हैं।
- विश्व व्यापार संगठन में **166 सदस्य** हैं, जो **विश्व व्यापार के 98% का प्रतिनिधित्व** करते हैं। भारत वर्ष 1995 से इसका सदस्य है और वर्ष 1948 से GATT का हिस्सा है।
  - इसकी **सदस्यता** वार्त्ता पर आधारित है, जिससे सभी सदस्यों के अधिकारों और दायित्वों का संतुलन सुनिश्चित होता है।
- **प्रमुख रिपोर्टें:** वर्ल्ड ट्रेड रिपोर्ट, ग्लोबल ट्रेड आउटलुक एंड स्टैटिस्टिक्स, एड फॉर ट्रेड इन एक्शन।
- **अत: विकल्प B सही है।**

27.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- वर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट, पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ, तथा लॉजिस्टिक्स परफॉरमेंस इंडेक्स सभी **विश्व बैंक** द्वारा जारी किये जाते हैं।
- वर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट विश्व बैंक द्वारा जारी की जाने वाली **वार्षिक रिपोर्ट** है, जिसे पहली बार वर्ष 1978 में जारी किया गया था, जिसमें वैश्विक विकास के प्रमुख पहलुओं पर गहन विश्लेषण और नीतिगत अनुशंसाएँ प्रदान की जाती हैं।
- **पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ** भी विश्व बैंक द्वारा जारी की जाती है और इसमें 100 से अधिक विकासशील देशों में **निर्धनता,** असमानता और साझा समृद्धि प्रवृत्तियों पर संक्षिप्त अद्यतन जानकारी प्रदान की जाती है।
- विश्व बैंक विभिन्न देशों में **लॉजिस्टिक्स** और आपूर्ति शृंखला निष्पादन **की दक्षता का आकलन** और तुलना करने के लिये लॉजिस्टिक्स परफॉरमेंस इंडेक्स जारी करता है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

## अंतर्राष्ट्रीय संबंध

28.

उत्तर: B

व्याख्या:

**भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा**

- IMEC एक रणनीतिक मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी पहल है जिसे **नई दिल्ली में वर्ष 2023 में आयोजित G20 शिखर सम्मेलन** के दौरान एक समझौता ज्ञापन (MoU) के माध्यम से लॉन्च किया गया था। इसके हस्ताक्षरकर्त्ताओं में **भारत, अमेरिका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, फ्राँस, जर्मनी, इटली और यूरोपीय संघ** शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- IMEC, वर्ष 2021 में G7 द्वारा लॉन्च की गई **वैश्विक अवसंरचना और निवेश (PGII)** के लिये साझेदारी का एक हिस्सा है। **अत: कथन 2 सही है।**
- IMEC का उद्देश्य भारत, मध्य पूर्व और यूरोप के बीच व्यापार को बढ़ाने के उद्देश्य से बंदरगाहों, रेलवे, सड़कों, समुद्री लाइनों, ऊर्जा पाइपलाइनों और डिजिटल बुनियादी ढाँचे का एक एकीकृत नेटवर्क विकसित करना है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

29.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **दिल्ली घोषणा (वर्ष 2006)** और **रियाद घोषणा (वर्ष 2010)** ने महत्त्वपूर्ण मील के पत्थर स्थापित किये, जिससे **द्विपक्षीय संबंध रणनीतिक साझेदारी** तक बढ़ गए। **अत: कथन 1 सही है।**
- **आर्थिक सहयोग:** भारत सऊदी अरब का **दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार** है, जबकि सऊदी अरब **भारत का पाँचवाँ सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार** है।
  - वित्त वर्ष 2023-24 में द्विपक्षीय व्यापार **42.98 बिलियन अमरीकी डॉलर** रहा, जिसमें भारतीय निर्यात 11.56 बिलियन अमरीकी डॉलर और आयात 31.42 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा।
- **ऊर्जा भागीदारी:** वित्त वर्ष 2023-24 में, सऊदी अरब भारत का **तीसरा सबसे बड़ा कच्चे तेल का स्रोत** था, जो भारत के कुल **कच्चे तेल आयात** का 14.3% था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - यह **तीसरा सबसे बड़ा तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (LPG) आपूर्तिकर्त्ता** भी था, जिसने भारत के कुल LPG आयात में 18.2% का योगदान दिया।

30.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **दिल्ली घोषणा (वर्ष 2006)** और **रियाद घोषणा (वर्ष 2010)** ने महत्त्वपूर्ण मील के पत्थर स्थापित किये, जिससे **द्विपक्षीय संबंध रणनीतिक साझेदारी** तक बढ़ गए। **अत: कथन 1 सही है।**
- **आर्थिक सहयोग:** भारत सऊदी अरब का **दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार** है, जबकि सऊदी अरब **भारत का पाँचवाँ सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार** है।
  - वित्त वर्ष 2023-24 में द्विपक्षीय व्यापार **42.98 बिलियन अमरीकी डॉलर** रहा, जिसमें भारतीय निर्यात 11.56 बिलियन अमरीकी डॉलर और आयात 31.42 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा।
- **ऊर्जा भागीदारी:** वित्त वर्ष 2023-24 में, सऊदी अरब भारत का **तीसरा सबसे बड़ा कच्चे तेल का स्रोत** था, जो भारत के कुल **कच्चे तेल आयात** का 14.3% था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - यह **तीसरा सबसे बड़ा तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (LPG) आपूर्तिकर्त्ता** भी था, जिसने भारत के कुल LPG आयात में 18.2% का योगदान दिया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

## कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र

31.

उत्तर: C

व्याख्या:

**पराली दहन की समस्या से निपटने हेतु तकनीकी उपाय**

- **पूसा डीकंपोजर:** यह एक सूक्ष्मजीवी फार्मूलेशन है जो **धान की पराली को सड़ाकर खाद बनाने में मदद** करता है। यह **फसल अवशेषों को जलाने की आवश्यकता को कम करता है** और पराली को कार्बनिक पदार्थ में बदलकर **मृदा की उर्वरता में योगदान** देता है। इस प्रकार, यह पराली जलाने को कम करने में मदद करता है।
- **फसल अवशेषों का पेलेटाइजेशन:** इस प्रक्रिया में, **फसल अवशेषों को बायोमास पेलेट में परिवर्तित** किया जाता है जिसका उपयोग ऊर्जा उत्पादन के लिये किया जा सकता है। इससे न केवल **पराली जलाने में कमी** आती है बल्कि **किसानों के लिये अतिरिक्त आय का स्रोत** भी बनता है, जिससे यह फसल अवशेषों के प्रबंधन के लिये एक प्रभावी तरीका बन जाता है।
- **बायोचार उत्पादन:** फसल अवशेषों को **पायरोलिसिस के माध्यम से बायोचार** में परिवर्तित किया जाता है, यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में अवशेषों को गर्म किया जाता है। **बायोचार मृदा की उर्वरता, जल धारण क्षमता और सूक्ष्मजीवी गतिविधि** में सुधार करता है, तथा इसके उत्पादन से **पराली दहन में कमी** आती है, साथ ही कार्बन अवशोषण में भी मदद मिलती है।
- **हैप्पी सीडर:** ट्रैक्टर पर लगे इस उपकरण से **धान के खेतों में** प्रत्यक्ष रूप से **गेहूँ की बुआई** की जा सकती है, और इसके लिये **धान की पराली को हटाने अथवा इसका दहन करने की आवश्यकता नहीं होती**। यह पराली को काटकर ऊपर उठाता है, जिससे गेहूँ सीधे खेत में बोया जा सकता है, जिससे पराली का दहन करने की आवश्यकता नहीं होती और मृदा स्वास्थ्य भी बेहतर होती है।
- **अत: विकल्प C सही है।**

32.

उत्तर: A

व्याख्या:

**क्योंझर कालाचंपा :**

- ओडिशा के एक किसान ने अपनी **स्वदेशी धान किस्म, क्योंझर कालाचंपा को आधिकारिक रूप से पंजीकृत** कराया है, तथा बीज के व्यावसायीकरण के लिये **पौध किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण (PPV&FRA)** से मुआवज़े की मांग की है।
- भारत सरकार ने **वर्ष 2015 में इस किस्म को अधिसूचित** किया था। ओडिशा राज्य बीज निगम (OSSC) और निजी कंपनियों ने इस किस्म के **उत्पादन और वितरण में महत्त्वपूर्ण योगदान** दिया है।
  - इस किस्म ने **प्रमुख बीमारियों, कीटों और जलवायु परिवर्तन** के प्रभावों के प्रति **लचीलापन** दिखाया है।
  - यह **झुकने या गिरने के प्रति प्रतिरोधी** (नॉन लॉजिंग) है, **उर्वरकों** के प्रति अनुक्रियाशील है, **समय पर की जाने वाली और साथ ही विलंब से होने वाली बुवाई के लिये उपयुक्त है,** और उच्च उपज वाली किस्म है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

## भूगोल

33.

उत्तर: B

व्याख्या:

**स्लोवाक गणराज्य:**

- यह मध्य यूरोप में एक स्थल-रुद्ध देश है। इसकी सीमा दक्षिण में **हंगरी**, उत्तर में **पोलैंड**, उत्तर-पश्चिम में **चेक गणराज्य**, पश्चिम में **ऑस्ट्रिया** और पूर्व में **यूक्रेन** से लगती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **वेलवेट रिवोल्यूशन (वर्ष 1989)** ने **चेकोस्लोवाकिया** में साम्यवादी शासन को समाप्त कर दिया और वर्ष 1993 में **चेक**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**गणराज्य** और **स्लोवाकिया** में देश का शांतिपूर्ण विघटन हुआ (जिसे अक्सर **"वेलवेट डिवोर्स"** के रूप में जाना जाता है)। **अतः कथन 2 सही है।**

- स्लोवाकिया एक **उच्च आय वाली विकसित अर्थव्यवस्था** है जिसकी राजधानी **ब्रातिस्लावा** है और यह **संसदीय लोकतांत्रिक गणराज्य प्रणाली** का पालन करती है।

**34.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- मेघ प्रस्फोट अथवा बादल फटने का आशय एक ऐसी आकस्मिक, तीव्र वर्षा से है जिसके परिणामस्वरूप एक सीमित क्षेत्र (लगभग 10 वर्ग किमी.) में एक घंटे से भी कम समय में **10 सेमी से अधिक वर्षा** होती है।
- आर्द्र वायु का किसी पर्वत श्रृंखला पर उत्थापन होने पर यह घटित होता है। वायु के निरंतर उत्थापन से इसका **ठंडा** होकर **संघनन** होना जारी रहता है, जिसके परिणामस्वरूप भीषण वर्षा होती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसके साथ ही **ओलावृष्टि और मेघगर्जन** की भी संभावना रहती है। **पर्वतीय क्षेत्रों** विशेष रूप से हिमालय में बादल फटने की घटना सामान्य है।
- इस घटना की उत्पत्ति की प्रवृत्ति स्थानगत होने के कारण, बादल फटने का **पूर्वानुमान करना अथवा उसका पता लगाना कठिन होता है**, लेकिन इससे आकस्मिक विध्वंसकारी वर्षा हो सकती है, जिससे बाढ़ और भूस्खलन की घटना हो सकती है। **अतः कथन 2 सही है।**

**35.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- किशनगंगा बाँध, किशनगंगा जलविद्युत परियोजना का हिस्सा है, जो झेलम नदी की सहायक नदी किशनगंगा नदी पर स्थित है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- रतले बाँध रतले जलविद्युत परियोजना का हिस्सा है, जो भारतीय केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ ज़िले में चिनाब नदी पर स्थित है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- **पंजाब में रावी नदी** पर स्थित शाहपुरकंडी बाँध में पंजाब और जम्मू-कश्मीर में विद्युत् उत्पादन और सिंचाई के लिये रंजीत सागर बाँध द्वारा अवमुक्त जल का उपयोग शामिल है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- **अतः विकल्प A सही है।**

**36.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**साओरा जनजाति:**

- साओरा ओडिशा की प्राचीनतम जनजातियों में से एक है, जिसका उल्लेख रामायण और महाभारत में मिलता है, और यह आंध्र प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश और असम के कुछ हिस्सों में भी पाई जाती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- साओरा जनजाति में दो मुख्य उपसमूह शामिल हैं: सुधा साओरा, जो मैदानी इलाकों में निवास करते हैं और सिंचन कृषि और मज़दूरी का कार्य करते हैं, और लांजिया साओरा, जो पर्वतीय क्षेत्रों में निवास करते हैं और स्थानांतरी और सीढ़ीदार/वेदिका कृषि पर निर्भर हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**37.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**क्रीमिया:**

- **क्रीमिया** एक **स्वायत्त क्षेत्र** है जो वर्ष 2014 से पहले **यूक्रेन** का भाग था, यह **काला सागर और आज़ोव सागर** के बीच अवस्थित है।
- क्रीमिया संकीर्ण **पेरेकोप इस्तमुस** के माध्यम से मुख्य भूभाग से जुड़ा हुआ है तथा अरबात बालू गर्त का टोंका इसे आज़ोव सागर से अलग करता है।
- यह केर्च जलडमरूमध्य और क्रीमियन ब्रिज के माध्यम से रूस से जुड़ा हुआ है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- रूस की तटरेखा **37,000 किमी** से अधिक क्षेत्रफल में विस्तृत है, लेकिन इसका अधिकांश भाग उत्तरध्रुवीय वृत्त (Arctic Circle) के उत्तर में स्थित है, जहाँ समुद्री हिम के कारण शीत ऋतु में अनेक बंदरगाह अनुपयोगी हो जाते हैं।
- रूस की सीमा से लगा सर्वाधिक तप्त समुद्री क्षेत्र काला सागर, भूमध्य सागर तक पहुँच प्राप्त करने की दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।
- क्रीमिया का भूगोल, विशेष रूप से **सेवस्तोपोल बंदरगाह,** कोष्णजल वाले बंदरगाहों तक रूस की पहुँच के लिये आवश्यक है तथा काला सागर और भूमध्य सागर में शक्ति प्रक्षेपण की दृष्टि से इसका महत्त्वपूर्ण सामरिक सैन्य महत्त्व है।




- **अत: विकल्प A सही है।**

38.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**रिवाइव अवर ओशन:**

- **समुद्री संरक्षित क्षेत्रों (MPA)** के माध्यम से समुद्री संरक्षण को बढ़ावा देने के लिये **NGO डायनेमिक प्लैनेट** द्वारा **'रिवाइव अवर ओशन'** पहल शुरू की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस पहल का लक्ष्य सात देश (UK, पुर्तगाल, ग्रीस, तुर्किये, फिलीपींस, इंडोनेशिया, मैक्सिको) हैं, लेकिन भारत इस पहल का हिस्सा नहीं है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह पहल **वर्ष 2030 तक 30%** महासागरों की रक्षा करने के लिये **कुनमिंग-मॉन्ट्रियल वैश्विक जैवविविधता ढाँचे के 30X30 लक्ष्य** के अनुरूप है। **अत: कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

39.

उत्तर: C

व्याख्या:

**शाहिद राजाई बंदरगाह:**

- **रणनीतिक अवस्थिति:** यह ईरान का **सबसे बड़ा और सबसे उन्नत** वाणिज्यिक बंदरगाह है।
    - यह रणनीतिक **होर्मुज जलडमरूमध्य** के पास स्थित है जहाँ से होकर विश्व के लगभग 26% तेल का आवागमन होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - इसके द्वारा ईरान के **85% कंटेनर कार्गो, 52%** तेल व्यापार तथा आधे से अधिक समुद्री कार्गो का प्रबंधन होता है।
    - यह **अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे** (INSTC) पर स्थित है जो **हिंद महासागर** और **फारस की खाड़ी को कैस्पियन सागर, रूस** और **उत्तरी यूरोप** से जोड़ता है।
        - वर्ष 2000 में शुरू किया गया INSTC ईरान, रूस और भारत द्वारा किया गया एक **त्रिपक्षीय समझौता** है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **ऐतिहासिक संबंध:** शाहिद राजाई बंदरगाह पहली बार **वर्ष 1985 में ईरान-इराक युद्ध** के दौरान खोला गया था और पिछले कुछ वर्षों में इसका लगातार विस्तार हुआ है।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

40.

उत्तर: B

व्याख्या:

**विश्व के प्राचीनतम जीव रूप**

- **सायनोबैक्टीरिया (नील-हरित शैवाल)**, जो लगभग **3.5 अरब वर्ष** पूर्व अस्तित्व में आए, **ऑक्सीजन प्रकाश संश्लेषण** करने वाले पहले जीव थे, जिससे बृहद ऑक्सीकरण घटना **(लगभग 2.4 अरब वर्ष पूर्व)** घटित हुई, जिसके परिणामस्वरूप पृथ्वी का वायुमंडल **ऑक्सीजन** से समृद्ध हुआ, जिससे जीवन संभव हुआ। **अतः कथन 1 सही है।**
- **स्ट्रोमेटोलाइट्स,** सायनोबैक्टीरिया निवह द्वारा निर्मित **स्तरित शैल रुपी संरचनाएँ** हैं, जो **खनिजों को विपाशित** करती हैं तथा धीरे-धीरे **कठोर होकर शैल का रूप ले लेती हैं। अतः कथन 2 सही है।**
    - पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में पाए गए प्राचीनतम स्ट्रोमेटोलाइट्स लगभग **3.5 अरब वर्ष** प्राचीन हैं, जो प्राचीन सूक्ष्मजीवी पारिस्थितिकी तंत्र की जानकारी के स्रोत हैं।
- **आर्किया एककोशिकीय सूक्ष्मजीव** हैं जो बैक्टीरिया से भिन्न होते हैं, तथा इनकी आनुवंशिक विशेषताएँ यूकैरियोट के समान होती हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
    - इनमें से कई जीव एक्सट्रीमोफाइल हैं, जो विषम वातावरण में जीवित रहते हैं और **जैव-भू-रासायनिक चक्रण** में योगदान देते हैं। एंडोसिम्बायोटिक सिद्धांत के अनुसार यूकेरियोट्स एक जीवाणु के समावेश के माध्यम से आर्किया से विकसित हुए, जिससे माइटोकॉन्ड्रिया का निर्माण हुआ।

41.

उत्तर: A

व्याख्या:

- फिशिंग साइबर हमले का एक रूप है, जिसमें हमलावर **किसी वैध या विश्वसनीय संस्था जैसे बैंक, ईमेल सेवा या कंपनी होने का दिखावा करता है,** ताकि किसी व्यक्ति को धोखा देकर उसके **पासवर्ड, क्रेडिट कार्ड नंबर या लॉगिन क्रेडेंशियल** जैसी व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त कर ली जाए। **अतः कथन 1 सही है।**
- रैनसमवेयर एक प्रकार का **मैलवेयर** है, जिसके माध्यम से लक्षित डिवाइस को लॉक करने के साथ डेटा को एन्क्रिप्ट कर दिया जाता है। इसके बाद डिवाइस तक पुनः एक्सेस देने या इसे अनलॉक करने के लिये फिरौती मांगी जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **डेनियल ऑफ सर्विस (DoS)** हमला कोई घोटाला ईमेल नहीं है। यह एक साइबर हमला है जिसका उद्देश्य कंप्यूटर या

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नेटवर्क संसाधन को उसके इच्छित उपयोगकर्त्ताओं के लिये अनुपलब्ध बनाना है, इसके लिये उस पर ट्रैफिक का दबाव डालना है। DoS सिस्टम को क्रैश या धीमा करने के लिये अत्यधिक अनुरोधों से भर देता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

- SQL इंजेक्शन एक कोड इंजेक्शन तकनीक है जिसका उपयोग डेटा-संचालित अनुप्रयोगों पर हमला करने के लिये किया जाता है। इसमें, अनधिकृत पहुँच प्राप्त करने या डेटाबेस में हेरफेर करने के लिये SQL कथनों को प्रविष्टि फील्ड में डाला जाता है। यह लॉगिन क्रेडेंशियल को बायपास कर सकता है या पूरे डेटाबेस को निकाल भी सकता है। **अतः कथन 4 सही है।**

**42.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- व्हीकल-टू-ग्रिड (V2G) प्रौद्योगिकी इलेक्ट्रिक वाहन (EV) बैटरियों को द्वि-दिशात्मक चार्जिंग के माध्यम से ग्रिड से विद्युत लेने और वापस ग्रिड को आपूर्ति करने की अनुमति देती है। यह सुविधा ऊर्जा वितरण को अनुकूलित करने में सहायता करती है और पीक डिमांड अवधि के दौरान ग्रिड को स्थिर करने में सहायता कर सकती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **भारत अभी तक इसे अपनाने में अग्रणी नहीं है।** यह अभी भी पायलट परियोजनाओं और सीमित कार्यान्वयन के साथ शुरुआती चरण में है।
  - भारत में इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों को ग्रिड में वापस विद्युत आपूर्ति करने के लिये अभी तक व्यापक रूप से मुआवजा नहीं दिया जाता है, क्योंकि ऐसे मुआवजे के लिये बुनियादी ढाँचा और नियामक ढाँचा पूरी तरह से विकसित नहीं हुआ है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**43.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- ब्लैक होल **मज़बूत गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र** बनाते हैं जो स्पेसटाइम को विकृत करते हैं, एक ऐसी घटना जिसकी भविष्यवाणी आइंस्टीन के सापेक्षता के सामान्य सिद्धांत द्वारा की गई थी। यह उन्हें **प्रकाश को मोड़ने** की अनुमति देता है, एक घटना जिसे **गुरुत्वाकर्षण लेंसिंग** के रूप में जाना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **वर्ष 2019** में, महाद्वीपों के रेडियो दूरबीनों के सहयोग से **इवेंट होराइजन टेलीस्कोप (EHT)** ने ऑप्टिकल लाइट का नहीं बल्कि **रेडियो तरंगों** का उपयोग करके **सुपरमैसिव ब्लैक होल** की पहली छवि को कैप्चर किया। **अतः कथन 2 सही है।**
- **वर्ष 2015** में पहली बार LIGO द्वारा खोजी गई **गुरुत्वाकर्षण तरंगों ने दो ब्लैक होल के विलय** की पुष्टि की। इसने खगोल भौतिकी में एक बड़ी सफलता को चिह्नित किया और आइंस्टीन की भविष्यवाणियों की पुष्टि की। **अतः कथन 3 सही है।**

**44.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सौर-आधारित विलवणीकरण प्रौद्योगिकी:**

- **सौर-आधारित विलवणीकरण प्रौद्योगिकी समुद्री जल** से, तथा कुछ मामलों में, **लवणीय जल** (अंतर्देशीय समुद्रों का निम्न लवणीय जल), अत्यधिक खनिजयुक्त भूजल (जैसे भूतापीय लवण जल) तथा नगरपालिका अपशिष्ट जल को उसके विलियित **लवणों से मुक्त करने** की प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया **अन्यथा अनुपयोगी जल को मानव उपभोग**, सिंचाई, औद्योगिक अनुप्रयोगों और अन्य प्रयोजनों के लिये उपयुक्त बनाती है।
- यह **सौर और जूल तापन (विद्युत) दोनों का उपयोग** करता है, जिससे कि सूर्य की बदलती हुई स्थितियों के दौरान भी कुशल विलवणीकरण सुनिश्चित होता है, जिससे निरंतर प्रदर्शन सुनिश्चित होता है। यह एकीकरण पारंपरिक सौर-केवल विलवणीकरण विधियों की तुलना में **अधिक विश्वसनीय और स्थिर प्रदर्शन** की सुविधा प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **ड्यूल-साइडेड सुपरहाइड्रोफोबिक लेजर-इंड्यूसड ग्राफीन (DSLIG)** वाष्पित्र में कमल के पत्ते के समान एक **सुपरहाइड्रोफोबिक सतह** होती है, जो **जल को पीछे हटाती**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**है और नमक के जमाव को रोकती है,** जिससे दीर्घकालिक दक्षता में वृद्धि होती है। यह सुनिश्चित करता है कि वाष्पित्र नमक जमा से मुक्त रहे, जिससे विलवणीकरण प्रक्रिया की दीर्घकालिक दक्षता और प्रभावशीलता बढ़ जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**

- सौर-आधारित विलवणीकरण तकनीकें, जिनमें DSLIG वाष्पित्र का उपयोग करने वाली तकनीकें शामिल हैं, **लवणीय और समुद्री जल** दोनों का उपचार करने में सक्षम हैं। इस तकनीक को **समुद्री जल को लवण मुक्त करने हेतु डिज़ाइन किया गया है,** जिससे यह वृहद् स्तर पर समुद्री जल विलवणीकरण के साथ-साथ लवणीय पानी के विलवणीकरण के लिये एक व्यवहार्य विकल्प बन जाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**45.**

**उत्तर:** C

**व्याख्या:**

**एनीमिया मुक्त भारत (AMB) अभियान:**

- **विश्व स्वास्थ्य संगठन** के अनुसार, **प्रजनन आयु वर्ग** की जिन महिलाओं में हीमोग्लोबिन का स्तर 12 ग्राम प्रति डेसीलिटर (g/dL) से कम होता है तथा 5 वर्ष से कम आयु के जिन बच्चों में हीमोग्लोबिन का स्तर 11.0 g/dL से कम होता है उन्हें एनीमिया से ग्रस्त माना जाता है।
- एनीमिया **मुक्त भारत (AMB) अभियान 2018** का लक्ष्य एनीमिया की व्यापकता को कम करने के लिये 6 संस्थागत तंत्रों के माध्यम से 6 प्रमुख हस्तक्षेपों के साथ 6 कमज़ोर समूहों को लक्षित करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- AMB **अभियान** सरकारी कार्यक्रमों में खाद्य पदार्थों को **लौह और फोलिक एसिड से समृद्ध करने को अनिवार्य बनाता है।**
- **मदर चाइल्ड ट्रैकिंग सिस्टम (MCTS)** के अंतर्गत विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं में एनीमिया के मामलों को ट्रैक किया जाता है और रिपोर्ट किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**46.**

**उत्तर:** B

**व्याख्या:**

- **मिशन मौसम:**
  - भारत में मौसम और जलवायु पूर्वानुमान प्रणालियों को आधुनिक बनाने के लिये **पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES)** के तहत वर्ष 2024 में मिशन मौसम शुरू किया गया।
    - इसका उद्देश्य वैज्ञानिक अनुसंधान, आपदा तैयारी और क्षेत्र-विशिष्ट सलाह को बढ़ावा देकर देश को ***"मौसम आपदाओं के प्रति तैयार"*** *करने के साथ* ***"जलवायु स्मार्ट"*** बनाना है।
  - **आवश्यकता:** भारत की **कृषि पर निर्भरता,** जलवायु परिवर्तनशीलता एवं लगातार होने वाली चरम मौसमी घटनाओं से सटीक पूर्वानुमान निर्णायक है।
    - **मिशन मौसम बेहतर फसल नियोजन** के लिये मानसून पूर्वानुमान को उन्नत बनाकर तथा बेहतर संसाधन प्रबंधन और बुनियादी ढाँचा नियोजन के माध्यम से ग्रामीण विकास को समर्थन देने के साथ इन चुनौतियों का समाधान करने पर केंद्रित है।
  - **कार्यान्वयन रणनीति:** इसे मुख्य रूप से **भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD), भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM)** और **राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र (NCMRWF)** द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - यह **बुनियादी ढाँचे के विकास (डॉपलर रडार, मौसम स्टेशन)** के माध्यम से मौसम पूर्वानुमान को उन्नत करने पर केंद्रित है।
    - इस मिशन के तहत **सुपरकंप्यूटिंग शक्ति का लाभ** उठाने के साथ सटीक जलवायु मॉडलिंग के लिये **प्रत्यूष और मिहिर** जैसी उन्नत प्रणालियों का उपयोग किया जाना शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

47.

उत्तर: C

व्याख्या:

QpiAI-इंडस

- **परिचय:** यह पूरी तरह से भारत में निर्मित **पहला पूर्ण क्वांटम कंप्यूटिंग सिस्टम** है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - इसमें **हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर दोनों शामिल हैं** , जो **क्वांटम प्रोसेसर से लेकर एआई-संचालित एप्लिकेशन टूल** तक सब कुछ शामिल करते हैं ताकि क्वांटम एप्लिकेशन को कुशलतापूर्वक चलाया जा सके। **अतः कथन 2 सही है।**
- **प्रदर्शन:** सिस्टम में **25 क्यूबिट** हैं, जो उच्च प्रदर्शन क्वांटम कंप्यूटिंग के लिये महत्त्वपूर्ण हैं;
    - यह पारंपरिक कंप्यूटरों की तुलना में अधिक स्थिरता और न्यूनतम त्रुटि दर के साथ तीव्र गति से जटिल गणना करने में सक्षम बनाता है।
- **अनुप्रयोग: जीवन विज्ञान** (दवा खोज, जीनोमिक्स), **पदार्थ विज्ञान** (नई सामग्री डिजाइन करना), **गतिशीलता और लॉजिस्टिक्स** (मार्ग और आपूर्ति श्रृंखला अनुकूलन) में इसके संभावित उपयोग हैं।

48.

उत्तर: A

व्याख्या:

ग्रीन क्रिप्टोकरेंसी:

- **ग्रीन क्रिप्टोकरेंसी डिजिटल मुद्राएँ** हैं जिन्हें पर्यावरणीय प्रभाव, विशेष रूप से पारंपरिक क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी उच्च ऊर्जा उपभोग और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिये डिज़ाइन किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **बिटकॉइन** की तरह ही **लाइटकॉइन** को भी काफी कम्प्यूटेशनल पावर और ऊर्जा की आवश्यकता होती है , इसलिये इसे **ग्रीन क्रिप्टोकरेंसी नहीं माना जाता** है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **चिया** एक **ग्रीन क्रिप्टोकरेंसी** है जिसे **बिटकॉइन** जैसी पारंपरिक डिजिटल मुद्राओं के लिये **पर्यावरण-अनुकूल विकल्प** प्रदान करने के लिये बनाया गया था।

49.

उत्तर: B

व्याख्या:

- E-2025 पहल, आर्टेमिसिनिन और R21/मैट्रिक्स-M हाल ही में मलेरिया की रोकथाम किये जाने के वैश्विक प्रयासों के कारण चर्चा में रहे हैं।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने ई-2025 पहल के तहत 25 देशों की पहचान की है जिनमें वर्ष 2025 तक मलेरिया का उन्मूलन करने की क्षमता है।
- प्रभावी टीकों और दवाओं के विकास के साथ मलेरिया नियंत्रण में महत्त्वपूर्ण प्रगति हुई है।
    - वर्ष 2023 में, R21/मैट्रिक्स-M वैक्सीन को एक सुरक्षित और प्रभावी विकल्प के रूप में अनुमोदित किया गया।
- इसके अतिरिक्त, आर्टीमिसिनिन की खोज, जो मीठे नागदौना पौध, आर्टेमिसिया एनुआ से प्राप्त होती है, मलेरिया के उपचार में महत्त्वपूर्ण रही है।
    - इस खोज के लिये यू यू तु को वर्ष 2015 में फिजियोलॉजी या मेडिसिन का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।
- **अतः विकल्प B सही है।**

50.

उत्तर: D

व्याख्या:

- खसरा एक **एकल-रज्जुक, आवृत RNA विषाणु** है जिसका एक ही सीरोटाइप होता है।
- यह अत्यधिक संक्रामक है और विश्व स्तर पर छोटे बच्चों में मृत्यु का कारण है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह **पैरामाइक्सोविरिडे परिवार के भीतर मोर्बिलिवायरस जीनस से संबंधित** है। मनुष्य खसरे के वायरस के लिये एकमात्र **प्राकृतिक मेज़बान (Hosts)** के रूप में काम करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- खसरे को **दो खुराक वाले टीके के माध्यम से पूरी तरह से रोका जा सकता है** और उन्नत स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों वाले कई देशों में इसे आधिकारिक तौर पर समाप्त कर दिया गया है।

**51.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **RNA साइलेंसिंग** वास्तव में पादपों में एक **प्राकृतिक रक्षा तंत्र** है जहाँ डबल-स्ट्रैंडेड RNA (dsRNA) वायरल संक्रमण का जवाब देने के लिये पौधे की प्रतिरक्षा प्रणाली को सक्रिय करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - जब कोई पादप वायरस से संक्रमित होता है, तो dsRNA प्रविष्ट होता है, जो छोटे हस्तक्षेपकारी RNA (siRNA) उत्पन्न करने वाले एंज़ाइमों को सक्रिय करता है।
- **होस्ट-इंड्यूस्ड जीन साइलेंसिंग (HIGS)**, जो एक मानव प्रेरित आनुवंशिक रूप से संशोधित तकनीक है, इसमें RNA स्प्रे का उपयोग शामिल नहीं है। इसके बजाय, **HIGS आनुवंशिक रूप से संशोधित पादपों** को वायरस से लड़ने वाले dsRNA का उत्पादन करने के लिये प्रेरित करता है, जो वायरस के खिलाफ निरंतर सुरक्षा प्रदान करता है।
    - दूसरी ओर, **स्प्रे-इंड्यूस्ड जीन साइलेंसिंग (SIGS)** वह विधि है जिसमें पादपों पर RNA का छिड़काव किया जाता है ताकि बिना किसी आनुवंशिक संशोधन के पादपों की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को सक्रिय किया जा सके। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

**52.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**लेप्टोब्रैकियम आर्याटियम:**

- इसकी पहचान असम के गुवाहाटी के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से में स्थित **गर्भंगा रिज़र्व फॉरेस्ट** में की गई है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह प्रजाति अपनी विशिष्ट विशेषताओं के लिये जानी जाती है, जिसमें **तीक्ष्ण नारंगी और काली आँखें, कंठ पर जालिकारुपी विशिष्ट पैटर्न** और संध्या के समय सहज, लयबद्ध आवाज़ शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस मेंढक की पहचान पहली बार वर्ष 2004 में **लेप्टोब्रैकियम स्मिथी** के रूप में की गई थी, लेकिन हाल ही में आणविक और आकारिकी संबंधी अध्ययनों के आधार पर इसकी पुष्टि एक नवीन प्रजाति के रूप में की गई है।
- **लेप्टोब्रैकियम** जीनस सुदृढ़ काया वाले मेंढकों की 38 प्रजातियों का समूह है जो अपने **चौड़े सिर, लघु पश्च पाद** और विशिष्ट रंग की आँखों के लिये जाने जाते हैं। ये दक्षिणी चीन, भारत, सुंडा शेल्फ और फिलीपींस सहित एक विस्तृत भौगोलिक क्षेत्र में पाए जाते हैं।

**53.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**फ्लू गैस डिसल्फराइज़ेशन (FGD):**

- FGD एक ऐसी प्रक्रिया है जो जीवाश्म ईंधन (कोयला, तेल) को जलाने से उत्पन्न निकास गैसों (फ्लू गैस) से **सल्फर डाइऑक्साइड ($SO_2$) को हटाती** है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - इसका उपयोग आमतौर पर कोयला आधारित पॉवर स्टेशनों में किया जाता है।
    - प्रयुक्त सामान्य अभिकर्मकों में चूना पत्थर ($CaCO_3$), चूना (CaO) और अमोनिया ($NH_3$) शामिल हैं।
- FGD प्रणालियाँ मुख्यत: **तीन प्रकार की होती हैं:**
    - **ड्राई सोरबेंट इंजेक्शन:** यह **धूल नियंत्रण प्रणालियों** से पहले फ्लू गैस से $SO_2$ को हटाने के लिये **चूना पत्थर का उपयोग करता है**, जिसे अक्सर ड्राई इंजेक्शन या स्प्रे ड्राइंग सिस्टम के रूप में जाना जाता है।
    - **गीले चूना पत्थर आधारित प्रणाली: यह बड़े पैमाने पर फ्लू गैस उपचार** हेतु उपयुक्त है, जिसमें $SO_2$ को कुशलतापूर्वक हटाने और **जिप्सम का उत्पादन करने के**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

लिये किफायती लागत **वाले चूना पत्थर का उपयोग किया जाता है।**

- **समुद्री जल आधारित प्रणाली:** यह **क्षारीय समुद्री जल का उपयोग करके $SO_2$ को 70-95%** तक कम करती है। इसका सामान्यत: उपयोग तब किया जाता है जब उत्सर्जन मानदंड कम कठोर होते हैं और यह प्रारंभिक लागत में कम होती है।

- भारत में लगभग **90% कोयले में सल्फर की मात्रा कम होती है** (0.3% से 0.5% तक), जो फ्लू गैस डिसल्फ़राइज़ेशन (FGD) सिस्टम के कार्यान्वयन को कम महत्त्वपूर्ण बनाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**54.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस ( IBCA ):**

- यह एक संधि-आधारित अंतर-सरकारी संगठन है, जिसे भारत द्वारा प्रोजेक्ट टाइगर की 50वीं वर्षगाँठ (अप्रैल 2023) पर लॉन्च किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **पाँच देशों** अर्थात् **भारत,** लाइबेरिया, एस्वातिनी, सोमालिया और निकारागुआ द्वारा अनुसमर्थन के बाद IBCA एक पूर्ण **वैश्विक कानूनी इकाई बन गई।**
- हाल ही में, भारत को औपचारिक रूप से IBCA का मुख्यालय और सचिवालय नामित किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसकी सदस्यता **संयुक्त राष्ट्र के सभी** सदस्य देशों के लिये **खुली** है, जिसमें **वे देश** भी शामिल हैं जहाँ ये प्रजातियाँ **प्राकृतिक रूप से पाई जाती हैं** और **गैर-क्षेत्रीय देश जो बड़ी बिल्लियों ( बिग कैट ) के संरक्षण में सहयोग करने** में रुचि रखते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**55.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **मैंटिस श्रिम्प स्टोमेटोपोडा वंश** ( **Order** ) से संबंधित **प्राचीन समुद्री क्रस्टेशियन** हैं, जो **केकड़ों और श्रिम्प से निकट से संबंधित** हैं।
  - इनकी 450 से अधिक ज्ञात प्रजातियाँ हैं तथा इनका आकार 10 सेमी से लेकर लगभग 46 सेमी तक होता है।
  - अपने नाम के बावजूद, वे **ट्रू श्रिम्प ( True Shrimp )** नहीं हैं, बल्कि अपने जीवंत रंग, जटिल व्यवहार और शक्तिशाली शिकार उपांगों (Powerful Hunting Appendages) के कारण पहचाने जाते हैं।
- वे समुद्र तल के भीतर स्वनिर्मित बिलों में रहते हैं - कठोर सब्सट्रेट्स में स्मैशर्स और नरम सब्सट्रेट्स में स्पीयरर्स - प्रवाल भित्तियों के समीप।
- **मैन्टिस श्रिम्प को उनके शिकार अनुकूलन के आधार पर दो मुख्य प्रकारों में वर्गीकृत किया जाता है:**
  - **स्पीयरर्स:** इनके अग्रपाद तीक्ष्ण और काँटेदार होते हैं, जिनका उपयोग मछली, स्क्विड और कीड़े जैसे नरम शरीर वाले शिकार के बेधन के लिये किया जाता है।
  - **स्मैशर्स:** इनमें अत्यधिक मात्रा में कैल्सिफाइड, क्लबनुमा उपांग (Club-Like Appendages) होते हैं जो पशु जगत में तीव्र प्रहार करने में सक्षम होते हैं, इनका उपयोग घोंघे, केकड़े और क्लैम जैसे कठोर आवरण वाले शिकार को तोड़ने (Break) के लिये किया जाता है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**56.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **विश्व पृथ्वी दिवस** प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को विश्व भर में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने, शिक्षित और सक्रिय करने के उद्देश्य के साथ मनाया जाता है।
  - **वर्ष 2025 की थीम: "हमारी शक्ति, हमारा ग्रह ( Our Power, Our Planet )"** - यह सभी से नवीकरणीय ऊर्जा के लिये एकजुट होने और **वर्ष 2030 तक स्वच्छ ऊर्जा क्षमता** को तीन गुना करने की दिशा में कार्य करने का आह्वान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- पृथ्वी दिवस पहली बार कैलिफोर्निया में तेल रिसाव के विनाशकारी परिणामों के बारे में सीनेटर गेलोर्ड नेल्सन के

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

अवलोकन के बाद, **वर्ष** 1970 में मनाया गया। इस **निर्णायक दिन** के कारण अमेरिका में महत्त्वपूर्ण पर्यावरण संबंधी कानून पारित हुए, जिनमें **पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (EPA)** का गठन भी शामिल था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

- **वर्ष** 1990 में पृथ्वी दिवस में 141 देशों के लगभग 200 मिलियन लोगों ने भाग लिया, जिससे यह एक विश्वव्यापी आयोजन बन गया।

57.

**उत्तर:** D

**व्याख्या:**

**कोलॉसल स्क्विड:**

- **कोलॉसल स्क्विड** पृथ्वी पर ज्ञात सबसे बड़ा अकशेरुकी जीव हैं, जो ***सेफलोपोडा (Cephalopoda)* वर्ग** और ***क्रैनचिडे (Cranchiidae)* परिवार** से संबंधित है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **अंटार्कटिका के चारों ओर परिध्रुवीय क्षेत्र** में पाया जाता है, यह **दक्षिणी महासागर के मेसोपेलैजिक (200-1000 मीटर) से बाथिपेलैजिक (1000-4000 मीटर)** क्षेत्र में इनका पर्यावास होता है। इनका व्यावसायिक दृष्टि से शिकार नहीं किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह एक **गहरे समुद्र में रहने वाला शिकारी** है और **पैटागोनियन टूथफिश** तथा अन्य **स्क्विड** जैसी **बड़ी मछलियों से अपना आहार** ग्रहण करता है। स्पर्म व्हेल, सील और समुद्री शिकारी इसका शिकार करते हैं।
- कोलॉसल स्क्विड को **अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN)** द्वारा अल्पतम चिंताजनक सूची में रखा गया है।



58.

**उत्तर:** A

**व्याख्या:**

**सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान:**

- सिमलीपाल टाइगर रिज़र्व को **ओडिशा के दूसरे राष्ट्रीय उद्यान** (भितरकनिका के बाद) के रूप में अधिसूचित किया गया, जिसमें **845.70 वर्ग किमी राष्ट्रीय उद्यान है** और शेष **2,750 वर्ग किमी वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत वन्यजीव अभयारण्य है।**
- यह विश्व का एकमात्र स्थान है जहाँ **वन्य मेलेनिस्टिक बाघ पाए जाते हैं**, जिसमें 40 रॉयल बंगाल टाइगर और ओडिशा की 25% हाथी भी पाए जाते हैं।
- यह उद्यान ऊँचे पठारों और पहाड़ियों से घिरा हुआ है, इसकी सबसे ऊँची चोटी **खैरीबुरू और मेघाशिनी** की जुड़वाँ चोटियाँ हैं।
- **सिमलीपाल** के वनों में **साल के वृक्ष, आद्र पर्णपाती** और **अर्द्ध-सदाबहार किस्में** पाई जाती हैं, जो **वनस्पतियों, जीवों** और वन-निर्भर समुदायों के लिये एक समृद्ध और विविध आवास का निर्माण करती हैं।
  - यह **दक्कन प्रायद्वीपीय जैवभौगोलिक क्षेत्र के अंतर्गत आता है।**
- **अत: विकल्प A सही है।**

59.

**उत्तर:** B

**व्याख्या:**

**रिवर सिटीज़ एलायंस:**

- **राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG)** ने भारत के नगरों में क्षमता निर्माण, ज्ञान साझाकरण और विशेषज्ञ मार्गदर्शन के माध्यम से **नदी-संवेदनशील नगर नियोजन** को बढ़ावा देने हेतु **रिवर सिटीज़ एलायंस (RCA)** के लिये एक मास्टर प्लान को स्वीकृति प्रदान की है।
- **नदी शहर गठबंधन (RCA)** की संकल्पना भारत में नदीय नगरों (नदी के समीप या किनारे अवस्थित नगर) को अपनी

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नदियों के साथ **सहजीवी संबंध** बनाए रखने में मदद करने के लिये की गई है।

- वर्ष 2021 में 30 नदीय नगरों के साथ लॉन्च किये गए RCA का विस्तार 145+ नगरों में हो चुका है।
- वर्तमान में इसका प्रबंधन जल शक्ति मंत्रालय के तहत **राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) और आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय** के तहत **राष्ट्रीय नगर कार्य संस्थान (NIUA)** द्वारा किया जा रहा है।
    - यह **नगरीय नदी प्रबंधन योजनाओं (URMP)** के निर्माण में सहायक है।
- NIUA और NMCG द्वारा वर्ष 2020 में शुरू की गई **नगरीय नदी प्रबंधन योजना (URMP)** रूपरेखा, नदियों के नगरीय प्रबंधन में पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक आयामों पर विचार सुनिश्चित करने के लिये **इस प्रकार का पहला उपागम** प्रस्तुत करती है।
- **अतः विकल्प B सही है।**

60.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- अल्फाल्फा (Medicago sativa) का नाम अरबी शब्द अल-फस्फासा से लिया गया है, जिसका अर्थ है **सर्वोत्तम चारा**।
- इसका व्यापक रूप से **पशु आहार** के रूप में उपयोग किया जाता है और इसके स्वास्थ्य लाभों के लिये मनुष्य भी इसका सेवन करते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह विटामिन (A, C, K, B), खनिज (कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटेशियम), **पौधा-आधारित प्रोटीन**, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर एक **अत्यधिक पौष्टिक पौधा** है। **अतः कथन 2 सही है।**
- एक **फलीदार पौधा होने के कारण** इसमें वायुमंडल से मृदा में **नाइट्रोजन को स्थिर** करने की क्षमता होती है। **अतः कथन 3 सही है।**

## रक्षा एवं सुरक्षा

61.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- युद्ध अभ्यास, **भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका** के बीच एक द्विपक्षीय अभ्यास है। यह आतंकवाद विरोधी एवं संयुक्त सामरिक अभियानों पर केंद्रित है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- मालाबार अभ्यास **भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया** से संबंधित एक बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास है जिसका उद्देश्य समुद्री सुरक्षा और अंतर-संचालन को बढ़ाना है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- भारत और UAE के बीच कई संयुक्त अभ्यास होते हैं जिनमें डेज़र्ट साइक्लोन, डेज़र्ट ईगल, जायद तलवार एवं डेज़र्ट नाइट शामिल हैं। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**
- नोमैडिक एलीफेंट भारत और मंगोलिया के बीच एक द्विपक्षीय अभ्यास है। **अतः युग्म 4 सही सुमेलित नहीं है।**
- **अतः विकल्प C सही है।**

62.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

GPS स्पूफिंग:

- यह **साइबर हमले** का एक रूप है, जिसमें **विमान के नेविगेशन सिस्टम को गुमराह करने** के लिये **गलत GPS सिग्नल उत्पन्न किये जाते हैं,** जिससे उड़ान सुरक्षा और मिशन की सफलता को गंभीर खतरा पैदा हो जाता है।
    - GPS स्पूफिंग उपग्रहों द्वारा भेजे गए कमज़ोर सिग्नलों का लाभ उठाता है, जिन पर नियंत्रण पाना आसान होता है।
    - हमलावर अधिक शक्तिशाली, **नकली सिग्नल (Counterfeit Signals) प्रेषित करते हैं जो वास्तविक उपग्रह डेटा की नकल करते हैं।**
    - **GPS रिसीवर इन नकली सिग्नलों (Counterfeit Signals) को असली समझकर लॉक** कर देता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- इसके कारण **डिवाइस गलत स्थान डेटा प्रदर्शित करता है,** जिससे नेविगेशन सिस्टम को गुमराह करने की संभावना होती है।
- **ऑपरेशन ब्रह्मा** के दौरान, **भारतीय वायु सेना** ने दावा किया कि **भूकंप प्रभावित म्याँमार में राहत पहुँचाने वाले उसके परिवहन विमान** को **ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम ( GPS ) स्पूफिंग** का सामना करना पड़ा।
- **'ऑपरेशन ब्रह्मा'** के तहत भारत ने भूकंप प्रभावित म्याँमार में मानवीय सहायता, क्षेत्रीय अस्पताल और बचाव दल पहुँचाने के लिये छह सैन्य परिवहन विमान तैनात किये।
- **अत: विकल्प B सही है।**

## इतिहास

63.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**जलियाँवाला बाग हत्याकांड के परिणाम:**

- **जलियाँवाला बाग हत्याकांड** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्त्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ, जिसने ब्रिटिश शासन में जनता के विश्वास को गहराई से हिला दिया।
- ब्रिटिश सरकार ने **जलियाँवाला बाग हत्याकांड** की जाँच के लिये हंटर आयोग ( **वर्ष 1919** ) का गठन किया और अपनी **वर्ष 1920 की रिपोर्ट में जनरल डायर के कृत्यों** की सर्वसम्मति से निंदा की। हालाँकि, उसने उनके खिलाफ किसी **दंडात्मक या अनुशासनात्मक कार्यवाही** की सिफारिश नहीं की।
  - **कॉन्ग्रेस ने घटना की जाँच के लिये** मोतीलाल नेहरू, गांधी और अन्य लोगों की एक **गैर-सरकारी समिति गठित की,** जिसमें **डायर के कृत्यों की अमानवीयता की निंदा की गई तथा पंजाब में मार्शल लॉ लागू करने को अनुचित** बताया गया।
- **उधम सिंह,** मूल नाम **राम मोहम्मद सिंह आज़ाद,** ने **वर्ष 1919 के जलियाँवाला बाग हत्याकांड** के लिये जिम्मेदार लेफ्टिनेंट गवर्नर **माइकल ओ'डायर की हत्या** कर दी थी।
  - उन्हें **वर्ष 1940 में फाँसी दे दी गई** और उनकी अस्थियाँ वर्ष 1974 में भारत लौटा दी गईं।
- **अत: विकल्प A सही है।**

## विविध

64.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **मैकग्रेगर मेडल** वर्ष 1870 में **यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया ( USI )** के संस्थापक **मेजर जनरल सर चार्ल्स मेटकाफ मैकग्रेगर** के सम्मान में **3 जुलाई 1888** को संस्थापित किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
  - **USI नई दिल्ली** में स्थित एक राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा सेवा **प्रबुद्ध मंडल** है।
- **परिचय:** प्रारंभ में यह मेडल **सैन्य टोह/आवीक्षण और अन्वेषण** के लिये प्रदान किया जाता था जिसके दायरे में **वर्ष 1947 के बाद विस्तार किया गया और इसमें पर्वतारोहण, नौकायन और अल्ट्रा-रनिंग** जैसी साहसिक गतिविधियाँ भी शामिल कर दी गईं।
  - यह मेडल **भारतीय सेना, नौसेना, वायु सेना, प्रादेशिक सेना, रिज़र्व बल, राष्ट्रीय राइफल्स** और **असम राइफल्स** के सभी रैंक के कर्मियों को प्रदान किया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **चार्ल्स मेटकाफ:** यह **ब्रिटिश अधिकारी और खोजकर्त्ता अथवा गवेक्षक** थे। **उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों का सर्वेक्षण** और मानचित्रण करके, आसूचना एकत्र करके और हिमालय के दुर्गम क्षेत्रों के बारे में **ब्रिटिश ज्ञान का वर्द्धन कर एंग्लो-भूटान युद्ध** ( 1864-1865 ) में योगदान दिया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME